●वर्ष : 16 ●अंक : 168 ●मूल्य : 02 रूपया मात्र पृष्ठ : 08

RNI No. DELHIN/2008/23928

Mfg & mkt by.. ANGEN PHARMACEU-TICALS (OPC) PRIVATE LIMITED




Distributorship ke liye contact Karen . ( 9315755133 / ya email Karen) angenpharmaceuticals@gmail.com

दैनिक लोकतंत्र की शान

लोकतंत्र का स्तंभ

दिल्ली से प्रकाशित

रविवार 06 अक्टूबर 2024

'हम बंटेंगे तो बांटने वाले महफिल सजाएंगे

# पीएम मोदी बोले- कांग्रेस को अब अर्बन नक्सल का गैंग चला रहा है

नूना न्यूज एजेंसी



**महाराष्ट्र।** पीएम मोदी ने ठाणे में 32,800 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे और डिप्टी सीएम देवेंद्र फड़णवीस और अजीत पवार भी मौजूद रहे। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने मुंबई मेट्रो लाइन-3 के बीकेसी से आरे जेवीएलआर खंड का उद्घाटन किया, जिसकी लागत लगभग 14,120 करोड़ रुपये है। प्रधानमंत्री ने करीब 12,200 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली ठाणे इंटीग्रल रिंग मेट्रो रेल परियोजना की आधारशिला रखी। इस दौरान मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार ने मराठी भाषा को अभिजात भाषा का दर्जा दिया है। उन्होंने कहा कि ये केवल मराठी और महाराष्ट्र का सम्मान नहीं है, बल्कि ये उस परंपरा का सम्मान है, जिसने इस देश को ज्ञान, दर्शन, अध्यात्म और साहित्य की समृद्ध संस्कृति दी है। मैं इसके लिए देश और दुनिया में मराठी बोलने वालों को बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि आज महायुति सरकार ने मुंबई एमएमआर में 33,000 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाएं शुरू की हैं। इसके अलावा, 12,000 करोड़ रुपये से अधिक की ठाणे इंटीग्रल रिंग मेट्रो रेल की नींव रखी गई है। ये विकास कार्य मुंबई और ठाणे को आधुनिक पहचान देंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि ठाणे से बाबा साहेब ठाकरे का खास लगाव था। ये स्व. आनंद दिघे जी का भी शहर है। इस शहर ने देश को आनंदी बाई जोशी जैसी देश की पहली महिला डॉक्टर दी थी। आज हम इन विकासकार्यों के जरिए इन महान विभूतियों के संकल्प को भी पूरा कर रहे हैं। मैं इन सभी विकासकार्यों के लिए महाराष्ट्र के सभी लोगों को बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि आज हर भारतवासी का एक ही लक्ष्य है, 'विकसित भारत'... इसलिए हमारी सरकार का हर निर्णय, हर संकल्प, हर सपना 'विकसित भारत' के लिए समर्पित है। नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज एक तरफ महायुति सरकार है, जो महाराष्ट्र के विकास को ही अपना लक्ष्य मानती है। दूसरी ओर कांग्रेस और महाअघाड़ी वाले लोग हैं, उन्हें जब भी मौका मिलता है, वो विकास के काम को ठप्प कर देते हैं। उन्होंने कहा कि मुंबई में मेट्रो लाइन-3 की शुरूआत देवेन्द्र फडणवीस के मुख्यमंत्री रहते हुई थी। इसका 60 प्रतिशत काम उनके कार्यकाल में हो भी गया था, लेकिन फिर महाअघाड़ी की सरकार आ गई। महाअघाड़ी वालों ने अपने अहंकार में मेट्रो का काम लटका दिया, 2.5 साल तक काम अटके रहने से प्रोजेक्ट की कीमत 14 हजार करोड़ रुपये बढ़ गई। विपक्ष पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस, भारत की सबसे बेईमान और भ्रष्ट पार्टी है। चाहे कोई भी दौर हो, कोई भी राज्य हो, कांग्रेस का चरित्र नहीं बदलता! उन्होंने कहा कि आप पिछले एक हफ्ते का हाल देख लीजिए... कांग्रेस के एक उट का जमीन घोटाले में नाम आया है, उनके एक मंत्री महिलाओं को गालियां दे रहे हैं, उनको अप?मानित कर रहे हैं, हरियाणा में कांग्रेस का एक नेता ड्रग्स के साथ पकड़ा गया है। कांग्रेस चुनाव में बड़े-बड़े वादे करती है, लेकिन सरकार बनने पर जनता के शोषण का नया नया तरीका खोजती है। आए दिन, नए-नए टैक्स लगाकर अपने घोटालों के लिए पैसा जुटाना ही इनका एजेंडा है। मोदी ने कहा कि आज कांग्रेस का असली रंग खुल कर सामने आ गया है। कांग्रेस को अब अर्बन नक्सल का गैंग चला रहा है। पूरी दुनिया में जो लोग भारत को आगे बढ़ने से रोकना चाहते हैं, कांग्रेस अब खुलकर उनके साथ खड़ी है। इसलिए अपनी घोर असफलता के बावजूद कांग्रेस, सरकार बनाने का सपना देख रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जानती है कि उनका वोट बैंक तो एक रहेगा, लेकिन बाकी लोग आसानी से बंट जाएंगे। कांग्रेस और उनके साथियों का एक ही मिशन है, समाज को बांटो और सत्ता पर कब्जा करो। इसलिए हमारी एकता को ही देश की ढाल बनाना है, हमें याद रखना है कि अगर हम बंटेंगे तो बांटने वाले महफिल सजाएंगे। हमें कांग्रेस और अघाड़ी वालों के मंसूबों को कामयाब नहीं होने देना है।

## ज्वलंत मुद्दा

### सम्पादकीय



## यूपीआईटीएस जैसे आयोजनों से यूपी की बन रही नई पहचान

पिछली सदी के अस्सी के दशक में जिस उत्तर प्रदेश को बीमारू कहकर उपहास उड़ाया जाता था, उसी यूपी में यूपीआईटीएस का भव्य आयोजन होना मामूली बात नहीं है। राज्य के तेजी से विकसित हो रहे ग्रेटर नोएडा शहर में 25 से 29 सितंबर तक चले उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो में देशभर की बड़ी कंपनियों का जुटान यह बताने के लिए काफी है कि राज्य में निवेश और कारोबार को लेकर भरोसा बढ़ रहा है। चार दिनों तक चले यूपीआईटीएस का आयोजन 15 हॉल में किया गया था। वैसे तो अपने आप में सभी हॉल यूपी में आ रहे बदलाव और उसमें कारोबार और निवेश की दुनिया के दिग्गजों की दिलचस्पी की कहानी कह रहे थे। लेकिन विशेष आकर्षण का केंद्र रहा है, यूपी इन्वेस्ट का हॉल, जिसमें देश के तकरीबन सभी अहम क्षेत्रों की कंपनियों ने अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। जिनमें देश की अग्रणी अडानी, अंबानी, रिलायंस, लुलु हाइपर मार्केट, वाइब्स जैसी कंपनियां शामिल रहीं। इस आयोजन में एक पूरा और एक्स्क्लूसिव हॉल इलेक्ट्रॉनिक्स का रहा, जिनमें देश के 100 से अधिक स्टार्टअप्स और इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनियों ने अपने उत्पाद प्रदर्शित किए और लोगों को अपनी तरक्की से प्रभावित किया। साल 2018 में राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने स्थानीय उत्पादों को बाजार और पहचान मुहैया कराने के लिए एक जिला, एक उत्पाद नाम से योजना शुरू की थी। जिसे संक्षेप में ओडीओपी के नाम से जाना जाता है। यूपीआईटीएस के इस आयोजन में ओडीओपी के लिए भी अलग से हॉल तैयार था, जिसमें राज्य के सभी 75 जिलों के 325 उत्पादक अपने स्थानीय विशेष उत्पादों के साथ मौजूद रहे। गौर करने की बात यह है कि इनमें काफी संख्या महिलाओं की रही। इस योजना के जरिए अपने उत्पादों को बाजार तक पहुंचा रहे कुछ दिव्यांग कारोबारी भी इसमें शामिल थे। इस आयोजन में पशुधन विकास, दुग्ध उद्योग, मत्स्य पालन, कृषि उत्पाद और खाद्य संरक्षण की भी कंपनियां शामिल रहीं और अपने उत्पादों को दुनिया के सामने प्रस्तुत किया। इस आयोजन में सबसे ज्यादा आकर्षण का केंद्र फूड प्रोसेसिंग वाला हॉल रहा, जहां उत्तर प्रदेश के स्थानीय खाद्य उत्पादों और व्यंजनों को बतौर नमूने प्रस्तुत किया गया। लोगों ने उनके स्वाद का भरपूर लुत्फ उठाया और उनकी खरीददारी भी की।

SYED ZAKI HAIDER
( EDITOR / PUBLISHER CUM MANAGING DIRECTOR
OF NAI UMMEED NEWS AGENCY
MOBILE NO. 9911371802
EMAIL SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM

# हरियाणा में वोटिंग खत्म, 8 अक्टूबर को आएंगे नतीजे

**हरियाणा।** चुनाव को लेकर वोटिंग खत्म हो चुकी है। आज 90 सीटों पर वोट डाले गए। हरियाणा के साथ साथ जम्मू-कश्मीर के नतीजे 8 अक्टूबर को आएंगे। चुनाव आयोग के अनुसार, शाम 5:30 बजे तक अनुमानित मतदान प्रतिशत 63% तक पहुंच गया। हरियाणा के मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद ने कहा कि मैं उन घटनाओं को बड़ा मानता हूं, जो मतदान प्रक्रिया को प्रभावित करती हैं। कुछ छोटी-मोटी घटनाओं की खबरें आई हैं। प्रशासन ऐसी चीजों पर नजर रख रहा है। लेकिन, यहां कोई बड़ी घटना नहीं घटी है. और मतदान प्रक्रियाओं पर कोई असर नहीं पड़ा है। टीवीएसएन प्रसाद ने कहा कि हरियाणा में अब लोग जागरूक हो गए हैं। मैं चुनाव आयोग का भी आभारी हूं कि उसने इतने व्यवस्थित तरीके से चुनाव कराया जो पूरी दुनिया में मशहूर है। हरियाणा में भाजपा और कांग्रेस के बीच मुख्य मुकाबला है। दोनों ओर से जीत के दावे किए जा रहे हैं। कांग्रेस नेता और पूर्व सीएम भूपिंदर हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस राज्य में भारी बहुमत से सरकार बनाएगी। बीजेपी जा रही है, कांग्रेस आ रही है। आप अध्यक्ष सुशील गुप्ता ने कहा कि आज हरियाणा लोकतंत्र का त्योहार मना रहा है। लोग बदलाव के लिए वोट कर रहे हैं, वे राज्य में बेहतर स्वास्थ्य और शिक्षा व्यवस्था का इंतजार कर रहे हैं। आप राज्य में तीसरे विकल्प के रूप में आएगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कांग्रेस पर मतदाताओं से झूठ बोलकर राज्य को लूटने की नीति अपनाने का आरोप लगाया। सैनी ने संवाददाताओं से कहा, कांग्रेस झूठ और लूट की राजनीति करती है और हरियाणा की जनता यह समझ चुकी है। उन्होंने (जनता) हरियाणा में तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को लाने का मन बना लिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस लगातार दलित समुदाय का अपमान करती रही है और उसने दलितों के उत्थान के लिए कभी कोई योजना तैयार नहीं की।

## दूसरे दिन भी गिरा बाजार पांच लाख करोड़ रुपए डूबे

● मुंबई



### पांच दिन में निवेशकों के 16 लाख करोड़ स्वाहा

ईरान-इजराइल में जंग की आशंका के बीच हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन आज यानी 4 अक्टूबर को सेंसेक्स 808 अंक की गिरावट के साथ 81,688 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 200 अंक की गिरावट रही, ये 25,049 के स्तर पर बंद हुआ। शेयर बाजार में बिकवाली से निवेशकों की वेल्थ 5 लाख करोड़ रुपए घट गई। शुक्रवार, 4 अक्टूबर को बीएसई पर लिस्टेड कंपनियों का ओवरऑल मार्केट कैप 460 लाख करोड़ रुपए रहा गया।

4 अक्टूबर को यह लगभग 465 लाख करोड़ रुपए था। शेयर बाजार में पिछले पांच दिनों की गिरावट के दौरान निवेशकों करीब 16 लाख करोड़ रुपये का नुकसान झेलना पड़ा है। इस दौरान सेंसेक्स सिर्फ पांच कारोबारी सत्रों में 4,100 अंक से ज्यादा फिसल गया। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 21 में गिरावट और 9 में तेजी रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 37 में गिरावट और 13 में तेजी रही। एनएसई के आईटी सेक्टर को छोड़कर सभी में गिरावट रही। मीडिया सेक्टर सबसे ज्यादा 2.53 प्रतिशत गिरा। इससे पहले गुरुवार को सेंसेक्स 1,769 अंक गिर गया था।

## बरकरार रहेगा SC-ST आरक्षण में सब-कोटा

### सुप्रीम कोर्ट अपने एक अगस्त के फैसले पर कायम, खारिज की पुनर्विचार याचिका

● नई दिल्ली

**राज्य सरकार कुछ जातियों के लिए सब-कोटा तय कर सकती है**

सुप्रीम कोर्ट ने अनुसूचित जाति एवं जनजाति को मिलने वाले आरक्षण में उप-वर्गीकरण के अपने फैसले के खिलाफ दायर याचिकाओं को खारिज कर दिया है।

शीर्ष अदालत ने 1 अगस्त को ही इस संबंध में फैसला दिया था और कहा था कि यदि राज्य सरकारों को जरूरी लगता है कि एससी और एसटी कोटे के भीतर ही कुछ जातियों के लिए सब-कोटा तय किया जा सकता है। इसका एक वर्ग ने विरोध किया था और आंदोलन भी हुआ था। इसके अलावा याचिकाएं दाखिल की गई थीं। इन पर ही शुक्रवार को सुनवाई करते हुए शीर्ष अदालत ने विचार करने से इनकार कर दिया।

### फैसले से एक वर्ग नाखुश

अदालत के इस फैसले को दलितों और आदिवासियों के एक वर्ग ने आरक्षण विरोधी करार दिया था। वहीं एक वर्ग इसके समर्थन में भी आया था। अदालत ने अपने फैसले में कहा था कि दलितों में भी कई जातियां और इस वर्ग को समरूप नहीं माना जा सकता। इसलिए आरक्षण के लिए यदि किसी जाति को खास प्रावधान देने की जरूरत पड़ती है तो वह भी करना चाहिए।

## रतलाम में तीन करोड़ रुपए की एमडी ड्रग्स बरामद, 4 अरेस्ट

- पति-पत्नी सहित चार लोग मुंबई ले जाने की फिराक में थे
- किसी को शक न हो इसलिए दो बच्चे भी साथ लाए

● रतलाम



जिले की ताल थाना पुलिस ने पति-पत्नी सहित चार तस्करों को गिरफ्तार कर लगभग तीन करोड़ रुपए कीमत की ड्रग्स बरामद की है। यह ड्रग्स रतलाम में किसी व्यक्ति से खरीदी गयी थी और उसे मुंबई ले जाना था। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने शुक्रवार को जानकारी देकर बताया कि गुरुवार रात ताल थाना पुलिस ने मुबई निवासी मोहम्मद नदीम, उसकी पत्नी सबा, सुल्तान एहमद और सलमान मोहम्मद नामक चार व्यक्तियों को पकड़कर उनके कब्जे से करीब तीन करोड़ रुपए मूल्य की तीन किलो एमडी ड्रग और एक किलो 898 ग्राम डोडाचूरा बरामद किया।

एक आरोपी नदीम अपने साथ न सिर्फअपनी पत्नी सबा को लेकर आया था, बल्कि अपने दो नन्हे बच्चे भी साथ लेकर आया था। इनसे हुई प्रारंभिक पूछताछ में पुलिस को पता चला कि उक्त चारों को कोरियर के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा था।

### पांच दिन की रिमांड पर चारों आरोपी

एसपी कुमार ने बताया कि पुलिस ने न्यायालय से आरोपियों को पांच दिन की रिमाण्ड पर लिया है। इससे पहले तक एमडी जैसे आधुनिक ड्रग्स मुंबई से रतलाम लाए जाते थे, लेकिन ये संभवतः पहला मौका है जब रतलाम से ड्रग्स मुंबई भेजा जा रहा था। यह चौंकाने वाली बात है। इस बात की पूरी संभावना है कि रतलाम या इसके आसपास कहीं एमडीएमए बनाया जा रहा हो और देश के अन्य भागों में इसकी सप्लाई की जा रही हो। एसपी ने मादक पदार्थ बरामद करने वाली पुलिस टीम को दस हजार रुपए के नगद पुरस्कार की घोषणा भी की है।

## हरियाणा की सभी 90 सीटों पर वोटिंग आज

### 1027 उम्मीदवारों की किस्मत का होगा फैसला, मतगणना आठ अक्टूबर को

**चंडीगढ़,** हरियाणा की सभी 90 विधानसभा सीटों के लिए शनिवार सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुडा, कांग्रेस प्रत्याशी विनेश फोगाट और जजपा के दुष्यंत चौटाला और 1027 अन्य उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला होगा।



सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) लगातार तीसरी बार राज्य की सत्ता हासिल करने की कोशिश कर रही है, वहीं कांग्रेस एक दशक के बाद सरकार में वापसी की उम्मीद कर रही है। बीजेपी और कांग्रेस के अलावा, जेजेपी, आम आदमी पार्टी जैसे दलों पर भी वोटर्स की नजरें रहेंगी। मतगणना आठ अक्टूबर को होगी। प्रदेश में 20,632 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। शुक्रवार शाम तक सभी मतदान केंद्रों पर पोलिंग टीमें ईवीएम और वीपीपैट मशीनें लेकर पहुंच गई थीं। मतदान के दौरान इसकी फोटो खींचने और वीडियो रिकॉर्डिंग की मनाही रहेगी। वोटिंग के दौरान मतदान केंद्र पर वोटर अपने साथ मोबाइल फोन नहीं ले जा सकेंगे।

## पहली बार भारत से कैलाश पर्वत के हुए दर्शन

**नई दिल्ली,** कैलाश मानसरोवर यात्रा के दौरान 3 अक्टूबर को पहली बार भारतीय इलाके से पवित्र कैलाश पर्वत के दर्शन हुए। दर्शन पुराने लिपुलेख दर्रे से हुए।

### पहले तिब्बत जाना पड़ता था

यह उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले की व्यास घाटी में स्थित है। कैलाश पर्वत को भगवान शिव का निवास माना जाता है। इससे पहले तीर्थयात्रियों को पर्वत के दर्शन के लिए तिब्बत जाना पड़ता था। पिथौरागढ़ के जिला पर्यटन अधिकारी कृति चंद्र आर्य ने बताया, पहले जत्थे में पांच तीर्थयात्री थे। वे 2 अक्टूबर को गुंजी कैंप पहुंचे।

**बड़ा दावा** लोकल सर्किल सर्वे के मुताबिक कई चीनी ऐप्स वीडियो, फोटो जैसे डेटा चीन भेज रहे हैं

## तीन-चौथाई से ज्यादा भारतीयों के घर में चाइनीज गैजेट

● नई दिल्ली



लेबनान में पेजर विस्फोटों के बाद भारत चीन में बने उत्पादों का उपयोग करने के मामले में फूंक-फूंक कर कदम रहा है। इस बीच रिपोर्ट के मुताबिक भारत जल्द ही सीसीटीवी कैमरे, स्मार्ट मीटर, पार्किंग सेंसर, ड्रोन पार्ट्स और यहां तक कि लैपटॉप और डेस्कटॉप को सिर्फ भरोसेमंद जगहों से सोर्स करने के बारे में एक्शन ले सकता है।

इन खबरों के बीच लोकल सर्किल्स के एक शोध में परेशान करने वाली जानकारियां सामने आई हैं। शोध के मुताबिक 79 प्रतिशत भारतीय परिवारों के पास एक या उससे ज्यादा चीन में बने उत्पाद (मोबाइल फोन, लैपटॉप, रेफ्रिजरेटर, कार पार्ट्स, एलईडी बल्ब आदि) हैं। इन गैजेट का इस्तेमाल जासूसी के लिए किया जा सकता है। दूसरे स्मार्टफोन की तुलना में समान फीचर के साथ सस्ते होने के कारण चीनी फोन की मांग बनी हुई है। आंकड़ों के विश्लेषण से पता चला कि 25 प्रतिशत जवाब देते वालों के पास एक या दो मेड इन चाइना गैजेट हैं। वहीं 21 प्रतिशत के पास ऐसे 5 उत्पाद हैं। (शेष पेज 8 पर)


### सर्वे में 24 हजार से ज्यादा लोगों ने लिया हिस्सा

सर्वे में भारत के 323 जिलों के 24,000 से ज्यादा लोगों ने हिस्सा लिया था। इनमें 64 प्रतिशत पुरुष और 36 प्रतिशत महिलाएं थीं। इसके अलावा 43 प्रतिशत जवाब देने वाले टियर 1 सिटी, 35 प्रतिशत टियर 2 और 22 प्रतिशत टियर 3 के लोग शामिल थे। वहीं 4 प्रतिशत ग्रामीण जिलों से थे। लोकल सर्किल्स एक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म है। यह लोगों और छोटे व्यवसायों को कानूनी मुद्दों को समझने में मदद करता है और सरकार को ऐसी नीतियां बनाने में सक्षम बनाता है जो नागरिक और छोटे व्यवसाय पर केंद्रित हों।

### चीनी ऐप्स में मिले थे स्पाइवेयर

इससे पहले भारत सरकार ने जासूसी सॉफ्टवेयर रखने के लिए कई चीनी ऐप्स और उत्पादों पर प्रतिबंध लगाकर नागरिकों की सुरक्षा के लिए कदम उठाए हैं। दरअसल पिछले साल जुलाई में मोबाइल साइबर सुरक्षा कंपनी प्राडियो के साइबर सुरक्षा विश्लेषकों ने बताया कि गूगल प्ले पर दो ऐप्स में स्पाइवेयर पाया गया था जो चीन में स्थित संदिग्ध सर्वरों को डेटा भेज रहे थे। गौरतलब है कि भारतीय घर में लगे चीनी होम सर्विलांस कैमरे के लिए यूजर्स को एक ऐप डाउनलोड करने की जरूरत होती है जो ज्यादातर मामलों में घर की तस्वीरें/वीडियो लेता है और उन्हें चीन में एक सर्वर पर संग्रहीत करता है। इसी तरह भारतीय घर में लगे मेड इन चाइना एयर प्यूरीफायर को ऐप मदद से ही खोला या बंद किया जा सकता है।

## विदेशी मुद्रा भंडार पहली बार 700 बिलियन डॉलर के पार



**नई दिल्ली,** देश का फॉरेन एक्सचेंज रिजर्व पहली बार 700 बिलियन डॉलर के आंकड़े के पार हो गया है। 27 सितंबर को बीते सप्ताह में 12.58 बिलियन डॉलर बढ़कर 704.885 बिलियन डॉलर (करीब 59 लाख करोड़) के नए ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया। पिछले सप्ताह, यह राशि 692.296 बिलियन डॉलर के ऑल टाइम हाई पर थी। भारत यह माइलस्टोन पार करने वाला दुनिया का चौथा देश बन गया है। इस बात की जानकारी रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने दी। आरबीआई के शुक्रवार के आंकड़ों के अनुसार, भारतीय फॉरेक्स का सबसे हिस्सा फॉरेन करेंसी एसेट (एफसीए) 616.154 बिलियन डॉलर है।

- भारत यह मुकाम हासिल करने वाला चौथा देश बना
- एक हफ्ते में सबसे ज्यादा 12.58 बिलियन डॉलर बढ़ा


# कुरुक्षेत्र

## सरदार चानन सिंह घुम्मन मेमोरियल कॉलेज आफ एजुकेशन का डी.एल.एड द्वितीय वर्ष का परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत



शाहाबाद मारकंडा, अक्तूबर : सरदार चानन सिंह घुम्मन मेमोरियल कॉलेज आफ एजुकेशन के प्रिंसिपल डॉ. आर.एस.घुम्मन ने बताया कि कालेज में डी.एल.एड का द्वितीय वर्ष का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा, जिसमें कॉलेज की छात्रा गायत्री ने 78.9% अंक प्राप्त करके प्रथम, सलोनी ने 78% अंक प्राप्त करके द्वितीय व रिंकू जाट ने 76.6% अंक प्राप्त करके तृतीय स्थान प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि कॉलेज के 17 विद्यार्थियों ने 70% से ऊपर अंक प्राप्त किए। इस अवसर पर कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. आर. एस. घुम्मन ने सभी बच्चों, अध्यापकों और अभिभावकों को कॉलेज के शानदार परिणाम पर बधाई दी। इस अवसर पर कॉलेज एडमिनिस्ट्रेटर मुकेश दुआ, असिस्टेंट प्रोफेसर्स मनिंदर सिंह घुम्मन, मोनिका घुम्मन, दीप्ति, सुषमा, विनीता, सुमन देवी, पूजा व साहिल आदि स्कूल स्टॉफ मौजूद थे।

## एसोसिएशन ऑफ ट्रेडिशनल स्पोर्ट्स हरियाणा ने बेल्ट व मास रेसलिंग राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों को किया रवाना



लाडवा में खिलाड़ियों को देहरादून में होने वाली रेसलिंग के लिए रवाना करते एसोसिएसशन के सदस्य।(डिम्पी)

लाडवा अक्तूबर : एसोसिएशन ऑफ ट्रेडिशनल स्पोर्ट्स हरियाणा की तरफ से खिलाड़ियों को देहरादून में आयोजित होने वाली बेल्ट रेसलिंग व मास रेसलिंग चैंपियनशिप के लिए रवाना किया गया।

एसोसिएशन के महासचिव सतविंदर सिंह ने बताया कि 3 अक्तूबर से 6 अक्तूबर तक देहरादून में 4 दिवसीय नेशनल रेसलिंग चैंपियनशिप आयोजित की जानी है जिसमें हरियाणा की ओर से भी 55 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं जिन्होंने स्टेट चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल हासिल किया था जिनकी रवानगी के लिए एसोसिएशन ऑफ ट्रेडीशनल स्पोर्ट्स हरियाणा की तरफ से एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता एसोसिएशन के स्टेट प्रेसिडेंट राकेश खुराना ने की। राकेश खुराना ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में क्षेत्र का खेलों में प्रतिनिधित्व करना ना केवल खिलाड़ियों के लिए गर्व की बात है बल्कि पूरी एसोसिएशन के लिए हर्ष का विषय है और इस चैंपियनशिप के लिए उन्होंने खिलाड़ियों से अपना शत-प्रतिशत देने की अपील की। इस अवसर पर अमित धारीवाल, संजीव मल्होत्रा, प्रवीण कुमार, परमिंदर सिंह सहित अन्य सदस्य, अभिभावक व खिलाड़ी उपस्थित थे।

## संगीत की स्वर लहरियों से गूंजी विरासत, हरियाणवी गीतों पर लोकनृत्य ने मोहा सबका मन



ड्रीम्स म्यूजिकल ग्रुप के सदस्यों को सम्मानित करते डा. महासिंह पूनिया।

### ड्रीम्स म्यूजिकल क्लब के कलाकारों ने बांधा सांझी उत्सव में समा

कुरुक्षेत्र, अक्तूबर : विरासत सांझी उत्सव में शुक्रवार के दिन संगीतमयी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके माध्यम से विरासत के मंच से संगीत की स्वर लहरियां गूंज उठी। कार्यक्रम का आयोजन ड्रीम्स म्यूजिकल क्लब के कलाकारों द्वारा आयोजित किया गया था। उल्लेखनीय है कि सांझी विरासत उत्सव में निरंतर कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस कड़ी में ड्रीम्स म्यूजिकल क्लब ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस अवसर पर हरियाणवी गीतों पर लोक नृत्य भी प्रस्तुत किए गए। यह जानकारी विरासत के प्रवक्ता ने दी। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर ड्रीम्स म्यूजिकल ग्रुप के अध्यक्ष रेखा शर्मा, सचिव राजेश शर्मा ने आज मौसम बड़ा बेईमान है गीत गाकर पुरानी यादों को ताजा कर दिया, प्रद्युम्न ने चला जाता हूं किसी की धुन में गीत विरासत के मंच से गाकर मंत्रमुग्ध कर दिया, गुरमीत ने देशभक्ति गीत जलवा-जलवा गाकर माहौल देश भक्ति से परिपूर्ण कर दिया, वंदना, सुशील एवं राजेश ने सात अजूबे इस दुनिया में आठवीं अपनी जोड़ी गीत गाकर अस्सी के दशक की यादों को ताजा किया, डॉ. विमल ने पल-पल दिल के पास तुम रहते हो गीत प्रस्तुत किया, पूजा पंडित ने हवा के साथ-साथ घटा के संग-संग गीत के माध्यम से समा बांधा, मीनू और सुशील ने जे हम तुम चोरी से बंधे एक डोरी से गीत प्रस्तुत किया। सुशील कुमार ने ओ मेरी महबूबा गीत विरासत के मंच से पेश किया। इस अवसर पर वन्दना, रूपिन्द्र, अभिषेक, सोनिया बख्शी, रिना गुप्ता, राम मूर्ति, राजेश शर्मा, सहजप्रीत, अवनीत कौर, गुरीत सिंह ने फिल्मी गीतों पर आधारित कार्यक्रम प्रस्तुत कर विरासत के मंच से शानदार प्रस्तुति प्रस्तुत की। इस मौके पर कार्यक्रम के संयोजक डॉ. महासिंह पूनिया एवं मयंक शर्मा ने ड्रीम्स म्यूजिकल ग्रुप के सदस्यों को सांझी का चित्र देकर सम्मानित किया और विरासत में सांझी उत्सव के अवसर पर कार्यक्रम प्रस्तुत करने पर डॉ. पूनिया ने ड्रीम्स म्यूजिकल ग्रुप के सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

## विधानसभा चुनाव को लेकर सभी तैयारियां एवं प्रबंध होंगे चौकचबंद : डीसी



पत्रकारों से बातचीत करते उपायुक्त राजेश जोगपाल व पुलिस अधीक्षक वरूण सिंगला।

कुरुक्षेत्र, अक्तूबर : जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त राजेश जोगपाल ने कहा कि विधानसभा चुनाव के दृष्टिगत सभी तैयारियां एवं प्रबंध कर लिए गए हैं, 5 अक्टूबर को मतदान होगा तथा प्रातः 7 बजे से सायं 6 बजे तक मतदाता अपने मतदान केंद्र पर जाकर मतदान कर सकेंगे। जिले में 43 उम्मीदवार मैदान में हैं, जिनमें से 37 पुरुष उम्मीदवार व 6 महिला उम्मीदवार शामिल हैं। सभी मतदान केंद्रों पर आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। उपायुक्त शुक्रवार को लघु सचिवालय के प्रथम तल पर कान्फ्रेंस हॉल में आयोजित प्रैस वार्ता को सम्बोधित कर रहे थे। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त राजेश जोगपाल ने कहा कि जिले में 7 लाख 73 हजार 425 मतदाता हैं, जिनमें से 4 लाख 591 पुरुष मतदाता व 3 लाख 72 हजार 820 महिला मतदाता हैं। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में चारों विधानसभा क्षेत्रों में स्पेशल बूथ भी बनाए गए हैं। हर विधानसभा क्षेत्र में एक-एक दिव्यांग बूथ, एक-एक महिला संचालित बूथ, एक-एक यंग बूथ और एक-एक मॉडल पोलिंग स्टेशन शामिल हैं। सेशल मीडिया व भ्रमक प्रचार पर नजर रखी जा रही है। पुलिस से सम्बंधित चुनाव डयुटी में लगे वाहनों पर जीपीएस भी लगाया गया है। इसके साथ-साथ अन्य गतिविधियों पर नजर रखते हुए कार्यवाही अमल में लाई जा रही है। इस मौके पर डीआईपीआरओ धर्मेंद्र कुमार, जिला चुनाव तहसीलदार सरला कौशिक, एआईपीआरओ बलराम शर्मा के साथ-साथ अन्य सम्बंधित उपस्थित थे।

## सेंट्रल जेल, अमृतसर में चिकित्सा शिविर का आयोजन: न्यायाधीश अमरदीप सिंह बैंस।



( डिप्टी ब्यूरो दलजीत कुमार बिट्टू)
**5 अक्टूबर अमृतसर:--** श्री के कुशल पर्यवेक्षण और मार्गदर्शन में। कैप्टन अमरिन्दर सिंह ग्रेवाल, लेफ्टिनेंट जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अमृतसर की ओर से सेंट्रल जेल, अमृतसर में एक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है। श्री के संयुक्त प्रयासों से. अमरदीप सिंह बैंस, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, डीएलएसए, अमृतसर और श्री। शरत वशिष्ठ, राष्ट्रीय अध्यक्ष, लीगल एक्शन एड वेलफेयर एसोसिएशन शिविर सफल रहा। विशेषज्ञता के विभिन्न क्षेत्रों के डॉक्टरों ने भाग लिया और स्वेच्छा से समाज की सेवा की। शिविर के मुख्य आकर्षण डॉ. अनुराग कुमार, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. मनप्रीत और डॉ. सुनीता अरोड़ा, विशेषज्ञ त्वचा विशेषज्ञ और डॉ. सतीश मलिक, जनरल मेडिसिन। चिकित्सा शिविर के दौरान जेल में सैकड़ों कैदियों की जांच की गई, उन्हें मुफ्त चिकित्सा उपचार और मुफ्त दवाएं प्रदान की गईं। इसके अलावा, डीएलएसए, अमृतसर के प्रयासों से महिला कैदियों के उपयोग के लिए महिला बैरक में एक स्वचालित सैनिटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन भी प्रदान की गई और स्थापित की गई। सेनेटरी नैपकिन मशीन श्री द्वारा संचालित एनजीओ द्वारा प्रायोजित और प्रदान की गई थी। शरत वशिष्ठ, राष्ट्रीय अध्यक्ष, लीगल एक्शन एड वेलफेयर एसोसिएशन। इससे महिला कैदियों को उनके मासिक धर्म के दिनों में मदद मिलेगी। उसके बाद सचिव डीएलएसए ने केंद्रीय जेल, अमृतसर का निरीक्षण किया, जिसमें जेल बैरक, जेल रसोई (लंगर घर), कानूनी सहायता क्लिनिक का निरीक्षण किया गया। उन्होंने उस रसोई की भी जांच की जहां विचाराधीन कैदियों के लिए खाना पकाया जाता था और उन्होंने भोजन का स्वाद चखा, जो संतोषजनक पाया गया। श। जेल अधीक्षक हेमन्त शर्मा भी जेल स्टाफ के साथ मौके पर मौजूद रहे हैं. जेल में न्यायाधीश के दौरे के संबंध में सार्वजनिक संबोधन प्रणाली पर इसकी घोषणा की गई और इस आशय की घोषणा भी की गई कि यदि कोई कैदी अपनी शिकायत सामने रखना चाहता है, तो वह आगे आकर समझा सकता है, जिसके परिणामस्वरूप, कैदी डीएलएसए सचिव के समक्ष उपस्थित होने लगे। उन्होंने कैदियों की शिकायतें सुनीं और तुरंत जेल के कैदियों की शिकायतों को जेल अधिकारियों के समक्ष उठाया गया और जेल अधिकारियों को उनकी शिकायतों का समाधान करने का निर्देश दिया गया। कैदियों को पंजाब राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण, एसएएस नगर द्वारा प्रदान की जाने वाली मुफ्त कानूनी सहायता के बारे में जागरूक किया गया और बताया गया कि जेल में प्रत्येक कैदी चाहे दोषी हो या विचाराधीन, कानूनी सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के तहत मुफ्त कानूनी सहायता का हकदार है। कैदी एक साधारण आवेदन पत्र भर सकता है और उसके बाद उसे तुरंत मुफ्त कानूनी सहायता परामर्श प्रदान किया जाता है। इसी प्रकार यदि किसी व्यक्ति को अदालत द्वारा दोषी ठहराया जाता है और वह सजा के आदेश के खिलाफ अपील/पुनरीक्षण दायर करने का इरादा रखता है, तो वह जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण, अमृतसर के कार्यालय में भी आवेदन दायर कर सकता है। आगे बताया गया कि मामले के दौरान होने वाले सभी खर्च जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण, अमृतसर द्वारा वहन किए जाते हैं। इसके अलावा, जेल के कैदियों को इस तथ्य के बारे में अवगत कराया गया कि सेंट्रल जेल, अमृतसर में एक कानूनी सहायता क्लिनिक स्थापित किया गया है, जहां अगस्त 2023 में नियुक्त किए गए कानूनी सहायता बचाव सहायता वकील प्रतिनिधित्व और बचाव के लिए कार्य दिवसों के दौरान विशिष्ट समय के दौरान उपस्थित रहते हैं। जेल के कैदी अपने अदालती मामलों में और प्रशिक्षित पैरा लीगल वालंटियर्स को जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण, अमृतसर द्वारा नियुक्त किया जाता है, अपने मामले से संबंधित किसी भी प्रश्न के लिए वे कानूनी सहायता क्लिनिक में जा सकते हैं और सहायता ले सकते हैं।

## सिविल सर्जन द्वारा विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों की अप्रत्याशित जांच



( ब्यूरो चीफ राजिंदर कुमार )
**अमृतसर 5 अक्टूबर** पंजाब सरकार के आदेशानुसार सिविल सर्जन डॉ. किरणदीप कौर ने विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में औचक जांच की। यह जानकारी देते हुए डॉ. किरनदीप कौर ने बताया कि जिला स्तर पर सुबह 8 बजे से चेकिंग शुरू की गई , इस दौरान उन्होंने सैटेलाइट हॉस्पिटल और आम आदमी क्लिनिक शक्ति बाग , यूपीएचसी का दौरा किया. आम आदमी क्लिनिक भक्तनवाला , यूपीएचसी में। आम आदमी क्लिनिक जोध नगर , आम आदमी क्लिनिक ईस्ट मोहन नगर , आम आदमी क्लिनिक फोकल पॉइंट , यूपीएचसी। आम आदमी क्लिनिक गवाल मंडी , यूपीएचसी में। वहीं आम आदमी क्लीनिक पुतलीघर और आम आदमी क्लीनिक रंजीत एवेन्यू में चेकिंग की गई। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही दूसरी टीम में सहायक सिविल सर्जन डॉ. राजिंदर पाल कौर ने आम आदमी क्लीनिक तहसीलपुरा , आम आदमी क्लीनिक नवां पिंड , आम आदमी क्लीनिक और पीएचसी का दौरा किया। जंडियाला गुरु और सी.एच.सी. मानांवाला में चेकिंग की गई। इस चेकिंग के दौरान कई आम आदमी क्लीनिक और विभिन्न संस्थानों के कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए. इस संबंध में सिविल सर्जन डॉ. किरणदीप कौर ने गंभीरता से लेते हुए काउंटर डिमांड के साथ-साथ विभागीय कार्रवाई करने की बात कही। इसके अलावा कुछ सेंटरों में काम काफी अच्छा पाया गया , जिस पर उन्होंने स्टाफ की सराहना भी की. इसके अलावा ओ.पी.डी सेवाओं , दवाओं , लैब परीक्षणों और ऑनलाइन रिकॉर्ड की जांच की गई और मरीजों से पूछताछ भी की गई और संबंधित कर्मचारियों को मौके पर बेहतर सेवाएं प्रदान करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने पहले ही सभी स्टाफ को समय का पाबंद रहने , साफ-सफाई का ध्यान रखने , मरीजों से अच्छा व्यवहार करने और सेवा भावना से काम करने के निर्देश जारी कर दिए हैं ।

## करनाल विधानसभा के बूथ

**करनाल राजेश जिंदल**

फोटो नंबर 1- करनाल विधानसभा के बूथ न. 44 पर संजय गुप्ता ने पत्नी सुनीता गुप्ता, पिता मांगे राम तथा माता लक्ष्मी देवी के साथ किया मतदान और कहा सब चुनें, सही चुनें।

फोटो नंबर 2- करनाल विधानसभा के बूथ नंबर 88 पर विधि ने अपनी माता सुशीला के साथ किया मतदान और कहा निकलो घर से बाहर, बूथ कर रहा इंतजार।

फोटो नंबर 3- करनाल विधानसभा के बूथ नंबर 88 पर गोपाल ने अपनी पत्नी पूनम के साथ किया मतदान और कहा वोट हमारी ताकत, इसका अवश्य करें प्रयोग।

फोटो नंबर 4- करनाल विधानसभा के बूथ नंबर 89 पर रमेश ने अपनी पत्नी रीना के साथ किया मतदान और कहा हर मतदाता हो जागरूक, अवश्य करे वोट।

फोटो नंबर 5- करनाल विधानसभा के बूथ नंबर 93 पर लाईन में मतदान के लिए लगे मतदाता।

फोटो नंबर 6- करनाल विधानसभा के बूथ नंबर 92 पर लाईन में मतदान के लिए अपनी बारी की प्रतीक्षा करतीं महिला मतदाता।

फोटो नंबर 7- करनाल विधानसभा के बूथ नंबर 93 पर पहली बार मतदान करने पहुंची प्रिया दिखीं उत्साहित और कहा पहली बार वोट डालना मेरे लिए नया अनुभव है तथा जनहित की सरकार चुनने के लिए वोट किया है।

## श्री खाटू श्याम मंदिर में श्री राम कथा का किया गया आयोजन

### हमें भगवान श्री राम के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए : आचार्य विनोद शास्त्री

**करनाल, सुखविंदर सोही**

शहर पुरानी अनाज मंडी स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में श्री राम कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर मंदिर व बाबा श्याम के स्वरूप को फूलों से सजाया और महकाया गया। शनिवार को प्रभु श्री राम की रसमयी-संगीतमयी कथा का शुभारंभ आचार्य विनोद शास्त्री के मुखारविंद से हुआ। कथा में गोस्वामी तुलसीदास जी का परिचय नारद मोह संवाद, शिव विवाह प्रसंग कथा आचार्य जी द्वारा मधुर वाणी से सुनाया गया। प्रथम पूजा के यजमान श्रीमान राजेश सिंगला व परिवार और श्री खाटू श्याम धाम मंदिर समिति के सभी सदस्यों तथा सभी श्रोता गणों द्वारा बड़े भाव से रसमयी कथा श्रवण किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिर में पहुंचकर कथा का आनंद उठाया। श्री विनोद शास्त्री ने कहा कि राम चरित्र मानस वास्तव में एक मानसरोवर है। जिसमें व्यक्ति डूबता नहीं तर जाता है। आज के इस कलयुग में मानव जिस तरह से दुखों और परेशानियों में घिरा हुआ है। ऐसे में केवल राम चरित्र मानस ही इसका स्थाई हल है। इसलिए हमें श्री राम कथा का अनुभव करके व श्री राम जी के जीवन से प्रेरणा लेकर जीवन में आगे बढ़ना चाहिए। इस मौके पर मंदिर के मुख्य सेवक देसराज गुप्ता ने बताया कि विजयदशमी के उपलक्ष्य में श्री खाटू श्याम मंदिर में 5 अक्तूबर से लेकर 11 अक्तूबर तक राम कथा का आयोजन किया जा रहा है। 11 अक्तूबर को मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। शहर के लोगों से अपील है कि मंदिर में पहुंचकर राम कथा का आनंद उठाएं और 11 अक्तूबर को भंडारे में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण करें। इस मौके पर मंदिर मुख्य सेवक देसराज गुप्ता, अनिल कुमार गर्ग, रामकरण गोयल, महेंद्र गुप्ता, विनोद गोयल, आकाश गुप्ता व विकास गुप्ता सहित आदि उपस्थित रहे।




## भद्रकाली शक्तिपीठ में मां के ब्रह्मचारिणी स्वरूप की पूजा-अर्चना



मंदिर में पूजा करते श्रद्धालु।

कुरुक्षेत्र, अक्तूबर : मां भद्रकाली शक्तिपीठ कुरुक्षेत्र में आज नवरात्रि महापर्व के दूसरे दिन भी भक्तजनों की भीड़ उमड़ी और माँ भद्रकाली जी को ब्रह्मचारिणी स्वरूप मान कर मंत्र पूजा अर्चना की गई। पीठाध्यक्ष सतपाल शर्मा ने बताया कि ब्रह्मचारिणी में ब्रह्म का अर्थ होता है तपस्या और चारिणी का अर्थ आचरण से है, यानी ये देवी तप का आचरण करने वाली हैं। पीठाध्यक्ष ने अतिथियों को शक्तिपीठ के महत्त्व के बारे में बताया और श्रीदेवीकूप पर पूजा आराधना के बाद माता की लाल शक्ति चुनरी व पुष्प माला से आशीर्वाद दिया। अतिथियों ने अपने साथ लाई विशेष चुनरी माँ भद्रकाली जी को समर्पित की व परम्परानुसार घोड़े चढ़ाए। इसके बाद मुख्य दरबार में गर्भगृह में माँ भद्रकाली जी का आहवान कर षोडशोपचार मन्त्रों के साथ माँ का भाव-भक्तिपूर्ण पूजन किया गया। पान, सुपारी, ध्वजा व पंचामृत अर्पित किया व विशेष लाल पुष्पों की माला माँ भद्रकाली जी को भेंट की। मां को पन्चमेवे व बहुफलों का भोग भी अर्पित किया। माँ को लाल-चुनरी, लाल वस्त्र, सिंदूर व नारियल पुष्पांजलि भी भेंट की गई। पीठाध्यक्ष ने यह भी बताया कि 5 अक्तूबर को नवरात्रि विशेष दिवस मनाया जाएगा। इस दिन मां के सभी भक्तों को प्रसाद में माँ का विशेष सचित्र स्वर्णिम खजाना सारा दिन मुख्य पुजारिन श्रीमती शिमला देवी द्वारा मिलेगा। पीठाध्यक्ष ने कहा कि यह खजाना सभी भक्तों के घर परिवार में धन वैभव की वृद्धि करेगा। टीम शक्तिपीठ शनिवार की तैयारियों में भी जोर शोर से लगी हुई है। इस मौके पर उपाध्यक्ष डॉ एम के मौदगिल, शिमला देवी, डॉ अन्नु पॉल शर्मा, निकुंज शर्मा, हेमराज शर्मा, शकुंतला देवी, राजकुमार, सुरेंद्र द्विवेदी, रामपाल लाठर, देवेंद्र गर्ग हाबड़ी, सतीश शर्मा, आशीष दीक्षित इत्यादि सेवक मौजूद रहे।

## 12 वैकल्पिक दस्तावेजों से कर सकते हैं मतदान : डीसी

कुरुक्षेत्र, अक्तूबर : जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त राजेश जोगपाल ने कहा कि यदि किसी मतदाता नाम मतदाता सूची में है, लेकिन उसके वोटर कार्ड नहीं है तो उसे मायूस होने की कोई जरूरत नहीं है। भारत निर्वाचन आयोग ने 12 वैकल्पिक दस्तावेज निर्धारित किए हैं, जिनमें से कोई भी एक दस्तावेज दिखाकर मतदाता अपना वोट डाल सकता है। उन्होंने कहा कि 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान दस्तावेजों में आधार कार्ड, मनरेगा जाब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटो सहित पेंशन दस्तावेज, केंद्र, राज्य सरकार, पीएसयू, सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंक, डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर के तहत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदों, विधायकों, एमएलसी को जारी किए गए आधिकारिक पहचान पत्र और भारत सरकार के सामाजिक न्याय मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसेबिलिटी आईडी शामिल है।

## मतदान हमारा अधिकार और कर्तव्य : एडवोकेट अंकित गुप्ता



एडवोकेट अंकित गुप्ता।

कुरुक्षेत्र, अक्तूबर : ऑल इंडिया लॉयर्स फोरम के प्रदेश महासचिव व विश्व मानव अधिकार एवं सुरक्षा आयोग के राष्ट्रीय सदस्य एडवोकेट अंकित गुप्ता ने हरियाणा के नागरिकों से 5 अक्टूबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में 100% मतदान करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि मतदान हमारा अधिकार व कर्तव्य है और हमें इसका उपयोग करके अपने भविष्य को आकार देना चाहिए। एडवोकेट अंकित गुप्ता ने कहा कि लोकतंत्र में, चुनाव एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है जिसके माध्यम से नागरिक सरकारी नीतियों और नेतृत्व को प्रभावित कर सकते हैं। एडवोकेट अंकित गुप्ता ने युवाओं से भी अपील की कि वे अपने मतदान के अधिकार का उपयोग करें और अपने दोस्तों और परिवार के सदस्यों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें। मतदान करने से हम सही नेता का चुनाव कर सकते हैं और यह लोकतंत्र की जीत होती है।

## संदीप गर्ग के रोड शो ने स्टार प्रचारकों की चमक को किया फीका, जनता का अपार समर्थन

### संदीप गर्ग के ऐतिहासिक रोड शो में उमड़ा सैलाब, भाजपा और कांग्रेस के दिग्गजों पर पड़ा भारी



लाडवा में रोड शो के दौरान लोगों का अभिवादन करते उम्मीदवार संदीप गर्ग।



लोगों को संबोधित करते उम्मीदवार संदीप गर्ग।

लाडवा अक्टूबर : हरियाणा विधानसभा चुनाव की गरमाई सियासत ने गुरुवार को लाडवा में नया इतिहास रच दिया। निर्दलीय उम्मीदवार संदीप गर्ग के विशाल रोड शो ने चुनावी समीकरणों को नई दिशा दे दी है। चुनाव प्रचार के आखिरी दिन जिन्दल पार्क से शुरू हुए इस ऐतिहासिक रोड शो में हजारों की संख्या में लोग एकत्रित हुए, खासकर महिलाओं की अभूतपूर्व भागीदारी ने सभी को चौंका दिया। यह भव्य शो लाडवा की सड़कों पर गुजरता हुआ महाराजा अग्रसेन चौक, मेन बाजार और अंबेडकर चौक से होते हुए वापस जिन्दल पार्क पर समाप्त हुआ। जनता के इस अप्रत्याशित समर्थन ने भाजपा और कांग्रेस के स्टार प्रचारकों की फौज के बावजूद चुनावी मुकाबले को त्रिकोणीय बना दिया है।

संदीप गर्ग के समर्थन में उमड़े जनसैलाब ने न सिर्फ उनकी लोकप्रियता को साबित किया, बल्कि भाजपा और कांग्रेस के प्रचार अभियानों को भी पीछे छोड़ दिया। गौरतलब है कि जहां भाजपा ने नितिन गडकरी, अमित शाह, स्मृति ईरानी और हेमा मालिनी जैसे स्टार प्रचारकों को नायब सैनी के समर्थन में उतारा है, वहीं कांग्रेस ने भूपेंद्र सिंह हुड्डा और प्रियंका गांधी, राहुल गांधी को मेवा सिंह के लिए प्रचार की कमान सौंपी है। बावजूद इसके, संदीप गर्ग के रोड शो में उमड़ी भीड़ ने इस बार के चुनाव में दिलचस्प मोड़ ला दिया है। संदीप गर्ग के समर्थन में गूंजते नारों और लोगों के जोश से साफ है कि जनता में उनके प्रति गहरी आस्था और विश्वास है। गर्ग ने लोगों का धन्यवाद करते हुए कहा कि 5 अक्तूबर को रिमोट के निशान पर वोट डालकर लाडवा के विकास की नई दिशा तय होगी। लाडवा की जनता के इस भारी समर्थन से यह स्पष्ट हो रहा है कि इस बार का चुनाव त्रिकोणीय संघर्ष में बदल सकता है और अंतिम समय में बाजी पलटने की पूरी संभावना है।

आज जिस प्रकार से संदीप गर्ग के रोड शो में भीड़ नजर आई उससे यह साफ जाहिर हुआ कि गरीब वर्ग में संदीप गर्ग के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रहा है, इतना ही नहीं रोड शो के बाद मध्यम वर्ग भी संदीप गर्ग के साथ जुड़कर आगे आया हैं। वहीं शहरी लोग जिनके मन में संदीप गर्ग की उम्मीदवारी को लेकर संकोच था, परंतु वह वोट करनी तो चाह रहे थे, उन्हें भी साफ जाहिर हो गया कि संदीप गर्ग भाजपा प्रत्याशी नायब सिंह सैनी से एक मजबूत विकल्प है।

## जयश्री शारदा रामलीला में भरत मिलाप



दुग्गल, कुरुक्षेत्र, अक्तूबर : स्थाण्वीश्वर महादेव मंदिर मार्ग स्थित नेताजी सुभाष पार्क में गुरुवार रात्रि झांसा रोड चौंक वाली जयश्री शारदा रामलीला एवं दशहरा सोसायटी की रामलीला में भरत मिलाप और जटायु मिलन प्रसंग के दृश्य दिखाए गए। इस अवसर पर व्यवसायी केवल कृष्ण ने जयश्री शारदा रामलीला ड्रामाटिक क्लब के मंच पर पर्दे की रस्म में हिस्सा लेकर मां शारदा की आरती की। प्रधान सतीश शर्मा ने पदाधिकारियों सहित मुख्यातिथि का स्वागत करके स्मृति चिन्ह प्रदान किया। महासचिव नरेश चौधरी ने बताया कि सरपरस्त दर्शनलाल सैनी के निर्देशन में मंच पर कलाकारों में मुकेश सिसोदिया ने राम, सोनू नेगी ने लक्ष्मण, प्रिंस ने कैकेई, अमृत ने सीता, महिपाल धीमान ने भरत, चीनी भाई ने कौशल्या, गोविंद ने शत्रुघ्न, राजेश शर्मा ने वशिष्ठ, रमेश शर्मा ने जटायु,संजीव कौशिक ने सुमित्रा, अर्थव ने सुमन्त्र और लव सैनी ने केवट का अभिनय किया। बड़ी संख्या में आए दर्शकों ने जय श्री राम के जयकारे लगाए। इस मौके पर सरपरस्त भूषण गुप्ता, करनैल सिंह, बालकृष्ण, प्रधान सतीश शर्मा, महाप्रबंधक विजय गाबा, प्रबंधक संजीव पांडे, सचिव यशपाल सैनी, पदम धीमान, अजय ठाकुर, निर्देशक संजीव कौशिक, सतीश गाबा आदि शामिल रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### 7 अक्टूबर को होगा साक्षात्कार

**चित्रकूट।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी राजेन्द्र कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजनान्तर्गत प्रजापति समाज के उद्यमियों/शिल्पियों को दैनिक उपयोग की वस्तुएं बनाना आदि विधाओं में 15 दिवसीय शिल्पकारी प्रशिक्षण आनलाइन आवेदन करने उपरान्त जिला ग्रामोद्योग कार्यालय में अपना आवेदन पत्र जमा किया है, उनका साक्षात्कार 7 अक्टूबर सोमवार को अपरान्हः 2 बजे से परिक्षेत्रीय ग्रामीद्योग अधिकारी की अध्यक्षता में किया जायेगा।

### उद्योग लगाने के लिये करें आवेदन

**चित्रकूट।** उप आयुक्त उद्योग एसके केशरवानी ने बताया कि मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना अन्तर्गत परियोजना की अधिकतम लागत रू0 25. लाख तक तथा सेवा क्षेत्र की अनुमन्य परियोजना की अधिकतम लागत रू0 10 लाख तक के आवेदन पत्र आनलाइन कर सकते है।

### तीन अभियुक्तो को न्यायालय ने सुनायी सजा

**चित्रकूट।** न्यायालय ने मारपीट जान से मारने की धमकी के तीन अभियुक्तों को 27-25 सौ रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। सहायक अभियोजन अधिकारी बृजमोहन ने बताया कि न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट राजेन्द्र प्रसाद भारती ने अभियुक्त बच्छराज प्रजापति, रामशरण प्रजापति पुत्र बजरंगी, अच्छेलाल पुत्र बच्छराज निवासी रामपुर माफी को अर्थदण्ड से दण्डित किया।

### सोमवार को होगी बैठक

**चित्रकूट।** उप आयुक्त उद्योग एस के केसरवानी ने बताया कि जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन की अध्यक्षता में 7 अक्टूबर को अपराह्न 12.30 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई है।

### वाहन चालकों को नियमों पर किया जागरूक

**चित्रकूट।** सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन/प्रवर्तन) विवेक कुमार शुक्ला ने बताया कि सड़क सुरक्षा पखवाड़ा कार्यक्रम के अन्तर्गत परिवहन विभाग के प्रवर्तन अधिकारी विवेक कुमार शुक्ला, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), एवं दीप्ति त्रिपाठी, यात्रीकर अधिकारी द्वारा वाहन चालको तथा उनके यूनियन के पदाधिकारियों के साथ सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया एवं यातायात के नियमों की जानकारी देते हुये उनके पालन करने को प्रेरित किया।

# ब्लॉक के हल्का कर्मचारी की कारगुजारी का विडियो वायरल हुआ।

(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)

**बेतिया।** बगहा अनुमंडल अंतर्गत ठकराहा अंचल के एक राजस्व कर्मचारी का किसान से रिश्वत मांगने का विडियो बड़ी तेजी से वायरल हो रहा है। जो पुरे क्षेत्र में जंगल मे आग की तरह चर्चा का विषय बना हुआ है।हलाकि लोकल सत्ता न्यूज इसका पुष्टि नहीं करता है। वहीं वायरल वीडियो में ठकराहा अंचल के हल्का कर्मचारी जगई राम का बताया जा रहा है। वहीं वीडियो में कर्मचारी के एक अटर्नी एक सौ रुपए लेते हुए दिखाई दे रहा है। साथ ही कर्मचारी जगई राम भी किसान से माल मांगने का अस्पष्ट वीडियो चल रहा। इस दौरान ठकरहा सीओ सुमित राज ने इस विडिओ वाला प्रकरण पर कहा कि मुझे इस विडियो वायरल के बारे में कोई जानकारी प्राप्त नहीं है। वहीं कर्मचारी जगई राम ने बताया कि मुझे फंसाने के लिए किसी के द्वारा फर्जी वीडियो बनाया गया है।बतादें कि राजस्व कर्मचारी का 3 अक्टूबर 2024 से वीडियो वायरल हो रहा है। जानकारी के अनुसार बतादे की पश्चिमी चम्पारण के रामनगर अंचल में जगई राम बतौर हल्का राजस्व कर्मचारी के पद पर तैनात थे। कार्यरत के दौरान इस राजस्व कर्मचारी को निगरानी विभाग की टीम ने पटना से चलकर रामनगर पहुंचकर रिश्वत लेने के आरोप में उक्त कर्मचारी को ट्रेप कर गिरफ्तार कर ले गई थी। जबकि बिहार सरकार ने भूस्वामियों के सहूलियत के लिए सभी कागजात दुरुस्त कराने के लिए ऑन लाईन की व्यवस्था कराई थी। बावजूद इसके भूस्वामियों की परेशानी जस की तस बनी हुई है।

# पर्व को लेकर विधि-व्यवस्था हेतु डीएम की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न।

## बेतिया मे लॉ एंड ऑर्डर प्रभावित करने वालों के विरूद्ध होगी सख़्त कार्रवाई।





(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)

**पश्चिम चंपारण।** दुगार्पूजा के अवसर पर विधि-व्यवस्था संधारण के निमित बेतिया समाहरणालय सभाकक्ष में डीएम दिनेश कुमार राय की अध्यक्षता में हाईब्रीड मोड में बैठक सम्पन्न हुयी। डीएम ने बाढ़ आपदा को लेकर प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों द्वारा किये गये बेहतर कार्य की सराहना की। उन्होंने कहा कि जिले के सभी प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के सार्थक प्रयास से अबतक के सभी पर्व-त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न होते आ रहा है। दुगार्पूजा के अवसर पर पूरे जिले में विधि-व्यवस्था बनी रही, इस हेतु सभी को सजग एवं सतर्क रहकर अपने-अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का निवर्हन करना है। समाज में शांति व्यवस्था कायम रहे, इस हेतु कारगर प्रयास करना है। उन्होंने ने आगे बताया कि लॉ एंड ऑर्डर को प्रभावित करने वाले तत्वों को किसी भी सूरत में नहीं बख्शा जाय, उनके विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाय। हर हाल में लॉ एंड ऑर्डर मेंटेन रखना है। बिना अनुज्ञप्ति के कोई भी पूजा-पंडाल नहीं लगाए जाएंगे और ना ही जुलूस निकले, इसका ध्यान रखना है। असामाजिक तत्वों के विरूद्ध कठोर निरोधात्मक कार्रवाई करें। असामाजिक गतिविधि पर नजर बनाकर रखें और त्वरित निरोधात्मक कार्रवाई करें। कैम्प कोर्ट करते हुए असामाजिक तत्वों के विरूद्ध निरोधात्मक कार्रवाई करें। हैबिचूअल ऑफेण्डर के विरूद्ध कठोरतम कार्रवाई की जाए। जबरन चंदा वसूली पर सख्त निगरानी रखें तथा कार्रवाई करें। आगे डीएम ने कहा कि जिलास्तर सहित अनुमंडल एवं प्रखंडस्तर पर कंट्रोल रूम निरंतर फंक्शनल रहना चाहिए। छोटी घटनाओं की भी जानकारी कंट्रोल रूम, वरीय अधिकारियों को देते हुए तुरंत स्पॉट पर पहुंचकर उचित कार्रवाई करें। कंट्रोल रूम विसर्जन की तिथि को विशेष तौर पर संचालित रहना चाहिए। संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण स्थलों पर तैनात मजिस्ट्रेट एवं पुलिस पदाधिकारी निश्चित रूप से उपस्थित रहकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे। किसी भी परिस्थिति में प्रतिनियुक्ति स्थल से अनुपस्थित नहीं रहना है। समय-समय पर कंट्रोल रूम में एवं व्हाट्सअप ग्रुप में फोटो भेजना है। उन्होंने निर्देश दिया कि अफवाहों को लेकर सभी प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी अलर्ट रहेंगे। अफवाह नहीं फैले, इस हेतु सोशल मीडिया सहित अन्य माध्यमों पर नजर बनाकर रखेंगे। पूजा-पंडालों अथवा अन्य किसी स्थल पर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला आपतिजनक नारा, लेखन, बैनर, पोस्टर आदि नहीं लगे, इस पर विशेष ध्यान देना है। एसपी बेतिया शौर्य सुमन ने इस मीटिंग में बोलते हुए कहा कि सोशल मीडिया सेल 247 फंक्शनल रहेगा तथा पोस्टों की निगरानी करेगा। असामाजिक तत्वों की निगरानी हेतु ड्रोन टीम पूरी तरह एक्टिव रहेगा। इसके साथ ही बम डिस्पोजल स्क्वॉयड, मेटल डिटेक्टर आदि की व्यवस्था चुस्त-दुरूस्त रखी जाय। एसपी ने आगे कहा कि प्रतिनियुक्त सभी पुलिस पदाधिकारी एवं फोर्स प्रतिनियुक्ति स्थल पर मुस्तैदी के साथ ड्यूटी करेंगे। सभी थानाध्यक्ष चौकीदारी परेड, गुंडा परेड करा लें। मद्य निषेध को लेकर निरंतर छापेमारी अभियान चलाया जाय। पूजा-पंडालों के इंट्री एवं एक्जिट प्वाइंट प्रॉपर तरीके से हो, ताकि भारी भीड़ के मद्देनजर श्रद्धालुओं को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े। एसपी बगहा सुशांत कुमार सरोज ने पूर्व के पर्व-त्यौहारों को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने को लेकर सभी प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को धन्यवाद देते हुए अपनी बात कही। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी संयुक्त रूप से फिल्ड में निकलें। अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मियों के साथ बैठक करें। लॉ एंड ऑर्डर हेतु जारी ज्वाइंट ऑर्डर को अच्छे तरीके से पढ़े और उसका अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि पूर्व के साम्प्रदायिक मामलों में चार्जशिटेड को गुंडा पंजी में शामिल करें, गुंडा परेड कराते हुए विधिसम्मत कार्रवाई करें। सभी थानाध्यक्ष यह सुनिश्चित करेंगे कि डीजे किसी भी सूरत में नहीं बजना चाहिए। विसर्जन को लेकर गोताखोरों की सूची अपडेट रखें ताकि विषम परिस्थिति में त्वरित गति से कार्रवाई की जा सके। उन्होंने कहा कि ड्रोन पेट्रोलिंग, सोशल मीडिया की निगरानी, सीसीटीवी आदि का अधिष्ठापन करते हुए शांतिपूर्ण तरीके से दुर्गा पूजा का त्यौहार सम्पन्न कराएं। इसके साथ ही पूजा पंडालों में अग्नि से सुरक्षा हेतु सभी उपाय प्रॉपर होना चाहिए। इस अवसर पर जिले के अधिकतर अधिकारी मौजूद थे।

# मजलिसे इसाले सावाब शाहिद सैयद हसन नसरुल्लाह



शहर के दहियावां मोहल्ला में मुस्लिम समुदाय ने शहिद सैयद हसन नसरुल्लाह को नम आंखों से याद कर कैंडल मार्च निकाला

शहर के शिया मोहल्ला दहियावां में एक मजलिस का आयोजन कर लेबनान में शहीद सैयद हसन नसरुल्लाह को याद किया गया मजलिस का आगाज यावर हुसैन साहब के सोजखानी से हुआ उसके बाद पेशखानी जनाब नाजिश छपरावी जनाब कल्बे अब्बास जनाब काजिम राजा से हुआ उसके बाद मजलिस को खिताब करते हुए मौलाना डॉक्टर सैयद मासूम राजा वॉइज साहब ने कहा के हसन नसरुल्लाह की आवाज जुल्म के खिलाफ थी जालिम के खिलाफ थी यतीम और मस्कीनों के साथ ही मजलूमों के साथ थी हसन नसरुल्लाह की आवाज दुनिया में हो रहे हर उसे आतंक के खिलाफ थी जो किसी मजलूम पर हो रहा हो दुनिया का सबसे खतरनाक आतंकवादी संगठन isis को खत्म करने में सैयद हसन नसरुल्लाह का भी बहुत बड़ा रोल रहा उनकी आवाज सिर्फ शिया पर हो रहे जुल्म की नहीं बल्कि दुनिया में हर मजहब के लोगों पर हो रहे जुल्म के खिलाफ थी हम इस मजलिस को बरपा करके दुनिया के जालिमीन को यह बताना चाहते हैं कि देखो हम कल भी आतंक के खिलाफ थे और आज भी आतंकी खिलाफ हैं।

# उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राज्य एवं देश स्तर पर मेडल प्राप्त करें युवा : जिलाधिकारी

## दीप प्रज्जवलित कर जिलास्तरीय युवा उत्सव-2024 का भव्य शुभारंभ।

(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)

**बेतिया।** कला संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार एवं जिला प्रशासन, पश्चिम चम्पारण द्वारा आज स्थानीय प्रेक्षागृह में जिलास्तरीय युवा उत्सव-2024 का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रदर्श एवं चाक्षुष कला प्रतियोगिता सम्पन्न हुयी। जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय ने जिलास्तरीय युवा उत्सव-2024 का विधिवत दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया। उन्होंने प्रतियोगिता में शामिल होने वाले सभी प्रतिभागियों का अभिनंदन, स्वागत करते हुए कहा कि युवा अपने गांव, समाज, जिला, राज्य के लिए अच्छा कर सकते हैं। सभी दृढ़संकल्पित होते हुए और बेहतर प्रदर्शन करें। यहां से राज्यस्तर पर प्रदर्शन करें, इसके बाद देश स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करते हुए मेडल प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि अभिभावक आपको आगे बढ़ाने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं। अपने अभिभावकों की आकांक्षाओं पर खड़े उतरें। जिलास्तर, राज्यस्तर एवं देश स्तर के प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करें, समूचा जिला, राज्य गौरान्वित होगा। जिलाधिकारी ने प्रतिभागियों से अपील किया कि अभिरूचि लें, अग्रसर रहें, भटके नहीं, लक्ष्य की प्राप्ति तक अथक प्रयास करते रहें। संकल्प लें कि हमको बेहतर प्रदर्शन



करना है। अपर समाहर्ता, राजीव कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि युवाओं की प्रतिभा को निखारने और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए बिहार सरकार की पहल के तहत आज जिलास्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया गया है। प्रतियोगिता से प्रतिभागियों की प्रतिभा निखरती है। सभी प्रतिभागी अच्छा प्रदर्शन करें। उन्होंने कहा कि अच्छे कलाकारों की निरंतर खोज होती रहेगी। इस तरह के प्रतियोगिता से कलाकारों का मनोबल मजबूत होगा। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने विभिन्न कलाकारों द्वारा बनायी गयी कलाकृतियों, पेन्टिंग आदि का मुआयना किया और उनकी प्रतिभा को सराहा।

इस अवसर पर अपर समाहर्ता, राजीव कुमार सिंह, अपर समाहर्ता, विभागीय, जांच, कुमार रविन्द्र, अपर समाहर्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, अनिल कुमार, अपर समाहर्ता, आपदा प्रबंधन, रामानुज प्रसाद सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी, बेतिया सदर, विनोद कुमार, वरीय उप समाहर्ता-सह-जिला सूचना एवं जनसम्पर्क पदाधिकारी, रोचना माद्री, जिला कला संस्कृति पदाधिकारी, राकेश कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# शिविर में बंदियों को दी गईं जानकारियां

**बांदा।** जिला जज डा. बब्बू सारंग के निर्देष पर जनपद कारागार में धारा 479 के तहत जेल में बंद बंदियों को प्रदत्त विधिक सेवाओं के बारे में षिविर का आयोजन कर जागरूक किया गया। इसके बाद कारागार का निरीक्षण भी किया गया। अध्यक्षता अपर जिला जज व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीपाल सिंह ने की। शिविर में बन्दियों को बताया गया कि उच्चतम् न्यायालय नई दिल्ली ने एक महत्वपूर्ण निर्णय में कहा कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा-479 देश के समस्त विचाराधीन बन्दियों पर पूर्वव्यापी रुप से लागू होगी। यह प्रावधान दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 सीआरपीसी की धारा-436ए की जगह लेता हैं जिसमें कुछ शर्तो के आधीन विचाराधीन कैदियों को जमानत पर रिहा करने की अनुमति देता है। बीएनएसएस की धारा 479 के प्रावधान में पहली बार अपराध करने वालों (जिन्हे पहले कभी किसी अपराध के लिए दोषी नहीं ठहराया गया हो) के लिए नयी छूट प्रदान की गयी हैं। यदि जेलबन्दी किसी अपराध के लिए निर्धारित अधिकतम अवधि की एक तिहाई अवधि तक हिरासत में रहा है तो उसे जमानत पर रिहा कर दिया जायेगा। धारा-436ए सीआरपीसी0 में यह प्रावधान निर्धारित अधिकतम अवधि का आधा था। मूलचन्द्र कुशवाहा चीफ तथा विकान्त सिंह-डिप्टी चीफ, लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल द्वारा भी बन्दियों को विधिक सेवाओं के सम्बंध में जानकारी प्रदान की गयी। शिविर में लगभग 15 जेल बन्दियों को विधिक सहायता प्रदान की गयी। बन्दियों से उनके खान-पान व स्वास्थ्य के सम्बंध में भी जानाकरी ली गयी जहां बन्दियों द्वारा सन्तोषजनक उत्तर दिये गये। इस शिविर में राजेश कुमार मौर्या जेलर, आलोक त्रिवेदी उपजेलर तथा राशिद अहमद अन्सारी डीईओ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उपस्थित रहे।

# मंडल स्तरीय प्रदर्शनी में प्रतिभागियों ने दिखाई प्रतिभा

## हिंदी में महोबा की संतोष, अंग्रेजी और गणित में बांदा की आकांक्षा व प्रिया अव्वल

■ बांदा

आदर्ष बजरंग इंटर कालेज में राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के षिक्षकों की ओर से तैयार की गई षिक्षण अधिगम सामग्री टीएलएम की मंडल स्तरीय प्रदर्षनी का आयोजन किया गया। इसमें मंडल के प्रतिभागियों ने हिस्सेदारी की। कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों को ध्यान में रखते हुए हिंदी, अंग्रेजी, गणित, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, इतिहास, भूगोल, अर्थशास्त्र और नागरिक शास्त्र विषय के टीएलएम की प्रदर्शनी आयोजित की गई जिसमें हिंदी विषय में जनपद महोबा की संतोष सिंह, अंग्रेजी विषय में जनपद बांदा की आकांक्षा त्रिपाठी, गणित विषय में जनपद बांदा की प्रिया पटेल का टीएलएम सर्वश्रेष्ठ घोषित किया गया।

इसी प्रकार भौतिक विज्ञान में



जनपद हमीरपुर के विपुल कुमार सिंह, रसायन विज्ञान में चित्रकूट के डा0 राजीव लोहिया, जीव विज्ञान में चित्रकूट के कृष्ण कुमार सिंह का टीएलएम सर्वश्रेष्ठ चयनित किया गया। इतिहास में हमीरपुर के प्रकाश गौरव गौतम, भूगोल में बांदा की विनीता धुरिया, अर्थशास्त्र में हमीरपुर के कमलेश कुमार एवं नागरिकशास्त्र में बांदा की रेखा जायसवाल का टीएलएम सर्वश्रेष्ठ चयनित किया गया। मण्डल स्तर पर सर्वश्रेष्ठ चयनित टीएलएम राज्य स्तरीय प्रदर्शनी में प्रतिभाग करेंगे। विजेता प्रतिभागियों को प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक धर्मराज ने प्रमाण पत्र वितरित किया तथा भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रदान की। निर्णायक मंडल के रूप में डा. जितेंद्र बाजपेई, डा. सुनील यादव, डा. अतुल कुमार, डा. एसएन त्रिपाठी एवं डा. सलमान करीम, अखिलेश शुक्ला ने अपना योगदान दिया। कार्यक्रम में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्रवक्ता रवि कुमार चौरसिया, अनुज शुक्ला आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम प्रभारी मेजर मिथलेश कुमार पाण्डेय प्रधानाचार्य आदर्श बजरंग इंटर कॉलेज ने आए हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन विमल कुमार त्रिपाठी जिला सामान्यक समग्र शिक्षा माध्यमिक ने किया।

# रबी उत्पादकता गोष्ठी की तैयारियां समय से पूरी करें

**बांदा।** रबी उत्पादकता गोष्ठी के आयोजन को लेकर मयूर भवन सभागार में मंडलायुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आयुक्त ने कृषि विभाग एवं सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को सभी तैयारियां समय से पूरी करने के निर्देष दिए। रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज में कार्यक्रम का आयोजन होगा। उन्होंने किसानों के पंजीकरण के लिए अलग-अलग काउन्टर बनाये जाने तथा कृषि एवं एनआरएलएम से सम्बन्धित स्टालों के लिए स्थान चिन्हित कर लगवाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने साफ-सफाई व्यवस्था एवं मोबाइल ट्वायलेट हेतु अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका बॉदा एवं जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया। टैªफिक एवं पार्किंग की व्यवस्था हेतु नगर मजिस्टेªट एवं सीओ टैªफिक को समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिये। जल संस्थान द्वारा पानी के टैंकरों तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा एम्बुलेन्स सहित चिकित्सा काउन्टर भी लगाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिशाषी अभियंता को विद्युत की समुचित व्यवस्था किये जाने तथा अग्निशमन सुरक्षा हेतु अग्निशमन अधिकारी को व्यवस्था करने के निर्देश दिये। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर जनसेट, साउण्ड एवं अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थायें समय से कराये जाने के निर्देश कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक को दिये। रबी उत्पादन गोष्ठी में चित्रकूटधाम मण्डल बॉदा के 300 किसान, हमीरपुर, चित्रकूट एवं महोबा के 100-100 किसान प्रतिभाग करेंगे। रबी गोष्ठी में किसानों को कृषि वैज्ञानिकों द्वारा महत्वपूर्ण जानकारी दिये जाने हेतु तकनीकी सत्र का आयोजन किया जायेगा।

# भाभी और भतीजे के सामने बड़े भाई की हुई थी हत्या

## जिला एवं सत्र न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने उम्रकैद की सुनाई सजा

■ चित्रकूट

भाभी और भतीजे की आंखों के सामने बड़े भाई की गोली मारकर मौत के घाट उतारने के मामले में दोष सिद्ध होने पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने हत्यारोपी भाई को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 15 हजार रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्याम सुन्दर मिश्रा ने बताया कि बीती 8 मार्च 2021 को कर्वी के शंकर बाजार निवासी देवराज गुप्ता ने कर्वी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस को दी गयी तहरीर में देवराज ने बताया था कि उनका छोटा बेटा अजय



कुमार शराब पीकर 8 मार्च 2021 को देर शाम लगभग 10 बजे घर आया और बड़े बेटे सुशील कुमार उर्फ बबलू से गाड़ी की चाबी मांगी। सुशील द्वारा चाबी देने से इंकार करने पर अजय ने सुशील को तमंचे से गोली मार दी और घर से फरार हो गया। गोली लगने के बाद परिजन उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने सुशील को मृत घोषित कर दिया। मृतक की पत्नी सारिका गुप्ता ने बताया कि उसके देवर ने पति सुशील से 500 रूपए और कार की चाबी मांगी थी। इस पर पति ने पैसे और गाड़ी की चाबी देने से इंकार कर दिया। जिसके बाद उसके देवर, पति और ससुर के बीच नोक झोंक हुई और आवेश में आकर देवर अजय गुप्ता ने उसके पति को तमंचे से गोली मार दी। साथ ही घटना के बाद घर की कुंडी बाहर से बंद कर भाग गया। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार किया था। साथ ही न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था।

# जिलाधिकारी ने चकौर गांव मे ग्रामीणों की सुनी फरियाद

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में विकासखंड मऊ के ग्राम पंचायत चकौर मे जन चैपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी ने ग्राम वासियों से कहा कि गांव में जन चैपाल के दौरान जो ग्रामवासियों ने समस्याएं बताई हैं उनका निस्तारण कराया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि अपने अपने विभागों के कार्यों को अवश्य मौके पर जाकर देखे। उप जिलाधिकारी मऊ से कहा कि जो राजस्व के मामले प्राप्त हुए है उनका मौके पर जाकर निस्तारण कराया जाए। उन्होंने कहा कि टीकाकरण बहुत महत्वपूर्ण है बच्चों का टीकाकरण आप लोग अवश्य कराए यहां पर आरबीएसके की टीम लगी है तो आज ही टीकाकरण करा लें। जिला समाज कल्याण अधिकारी सर्वे कराकर पेंशन योजनाओं का पात्र लोगों को लाभ दिलाए, उन्होंने अन्य विभागीय अधिकारियों से भी कहा कि जो विभागीय योजनाओं का लाभ लोगों को दिया जा रहा है उसमें अगर उनको नहीं मिल रहा है तो डीबीटी कराकर आज ही देख ले। मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने ग्राम वासियों से कहा कि आप लोगों को सभी विभागों के अधिकारियों द्वारा विभागीय योजनाओं के बारे में बताया गया है उसका आप लोग लाभ ले।

# मुकुट पूजन के साथ 11 दिवसीय श्रीराम लीला शुरू

## गणेश पूजन के साथ हुआ आरंभ, कलाकार कर रहे बेहतर प्रदर्शन

**तिंदवारी।** कस्बे सहित क्षेत्र की पारंपरिक पुरातन धरोहर के रूप में सन् 1939 से संचालित 11 दिवसीय श्री रामलीला का शुभारम्भ गुरुवार को मुकुट पूजन तथा गणेश पूजन के साथ किया गया। जहां रात्रि में उत्तर भारत के सुप्रसिद्ध कलाकारों द्वारा राम जन्म, त?का बध की लीला का मंचन हुआ।



तिंदवारी के रामलीला मैदान में प्रति वर्ष की भांति आयोजित होने वाली 11 दिवसीय श्री रामलीला का शुभारम्भ कमेटी प्रबन्धक आनंद स्वरूप द्विवेदी एवं अध्यक्ष अनिल कुमार लखेरा द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश सहित रामलीला मैदान में विराजित वीर बलवंत हनुमंत लाल, भगवान शंकर, रामायण जी तथा मुकुट की पूजा अर्चना के साथ किया गया। इस अवसर पर कमेटी महामंत्री अरविंद कुमार गुप्ता तथा मुख्य सचेतक हरवंश श्रीवास्तव द्वारा प्रस्तुत इस वर्ष के अवनीश श्रीवास्तव, रितेश गुप्ता, राहुल गुप्ता, गोविंद तिवारी, शिवम द्विवेदी, कृष्णा सोनी , इशू सोनी, पुष्पेंद्र गुप्ता, शोभित कुशवाहा सहित 23 नवीन श्री राम कार्यसेवकों को कमेटी प्रबन्धक तथा अध्यक्ष द्वारा तिलक व प्रवेशिका पहना कर कमेटी की सदस्यता दिलाई गई। रात्रि में सुप्रसिद्ध कलाकारों द्वारा प्रस्तुत श्री राम जन्म,त?का बध की लीला का मंचन देख कर दर्शक भावविभोर हो गए। इस अवसर पर चंद्रशेखर गुप्ता, राजन गुप्ता, संतोष गुप्ता, नमन गुप्ता, मनीष बजाज, सीताराम गुप्ता, राकेश गुप्ता,विनोद कुमार नामदेव, अथर्व गुप्ता,देवा सिंह, अखिलेश गुप्ता, शोभित द्विवेदी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### 10 लाख में बनेगा मांगलिक भवन, नवरात्रि में भूमिपूजन कर निगम अध्यक्ष ने दी सौगात



**भोपाल।** राहुलनगर बस्ती में करीब 10 लाख की लागत से मांगलिक भवन बनाया जाएगा। नवरात्रि पर नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने यह सौगात दी है। वार्ड क्रमांक 28 की राहुलनगर बस्ती में बनाये जा रहे इस भवन की स्वीकृत लागत 09 लाख 83 हजार रुपये है। इस अवसर पर श्री सूर्यवंशी ने कहा कि मांगलिक भवन निर्माण होने से स्थानीय रहवासियों के लिए यह धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने का एक महत्वपूर्ण स्थान होगा एवं सामुदायिक एकता और सामाजिक जुड़ाव को भी बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर पूर्व पार्षद श्रीमती लक्ष्मी गोरेवर, अध्यक्ष केश शिल्पी बोर्ड नंदकिशोर वर्मा, नागेश्वर सेन, अशोक सेन, मुकेश दहाड़े, राकेश महावर सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं स्थानीय रहवासी मौजूद थे।

### गंदगी मिलने पर प्रेम भोजनालय का पंजीयन निरस्त



**भोपाल।** गंदगी मिलने पर प्रेम भोजनालय का पंजीयन निरस्त कर दिया गया है। खाद्य सुरक्षा प्रशासन के अधिकारियों ने निरीक्षण के बाद यह निर्णय नागरिकों की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लिया। निरीक्षण के दौरान भोजनालय के भंडार कक्ष में कीट (कॉकरोच) पाए गए और किचन में गंदगी के बीच भोजन बनता हुआ पाया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी अरूणेश कुमार पटेल ने बताया कि छोला रोड स्थित प्रेम भोजनालय संचालक खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 के तहत खाद्य पंजीयन की शर्तों का पालन करने में विफल रहा है। जिस पर लोक स्वास्थ्य के हित को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। यह गणेश मंदिर के पास उरी भवन में स्थित है। बता दें कि भोजनालयों में हो रही अनियमितताओं को रोकने के लिए लगातार निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है।

## 'नायक' की भूमिका में मोहन

# सड़कों के गड्ढों में नपे 21 अधिकारी और 173 ठेकेदार, 9 ब्लैकलिस्ट

### मेट्रो स्टेशन से मंत्रालय, विंध्याचल और सतपुड़ा भवन तक सुगम होगा यातायात

■ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव अब 'नायक' की भूमिका में आ गए हैं। शुक्रवार को उन्होंने मेट्रो, राजधानी में ओवर ब्रिज निर्माण की गति और सड़कों की मरम्मत के कार्यों की समीक्षा की। साथ ही अरेरा पहाड़ी पर स्थित सबसे बड़े सरकारी कार्यालय मंत्रालय, सतपुड़ा, विंध्यांचल भवन तक मेट्रो स्टेशन से सड़क मार्ग पर सुगम यातायात की योजनाएं बनाने के निर्देश दिए। बैठक में लोक निर्माण विभाग द्वारा की गई जांच में 18 हजार किमी सड़कों पर गड्ढे पाए जाने के मामले में विभाग के 21 अधिकारियों पर कार्रवाई और 173 ठेकेदारों को नोटिस दिए जाने के निर्देश दिए गए। साथ ही 9 ठेकेदारों को काली सूची में डालने के निर्देश भी दिए हैं। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने शुक्रवार को प्रदेश के नए मुख्य सचिव अनुराग जैन के साथ पहली बैठक में यह बड़े फैसले किए हैं।

**नए सिरे से रणनीति तैयार की जाए:** मुख्यमंत्री ने कहा है कि सतपुड़ा-विंध्याचल भवन क्षेत्र सहित संपूर्ण अरेरा हिल्स क्षेत्र में कार्यालयों के लिए नए सिरे से रणनीति तैयार की जाए। कर्मचारियों की सुविधा को ध्यान में रखकर मेट्रो से कार्यालय तक पैदल पहुंच मार्ग विकसित करें। मंत्री राकेश सिंह ने राष्ट्रीय राजमार्गों पर गड्ढों का मामला उठाया। बैठक में इंदौर की ईस्टर्न बायपास परियोजना और गड्ढा मुक्त सड़क अभियान पर भी चर्चा हुई। बैठक में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन संजय दुबे, प्रमुख सचिव संजय कुमार शुक्ला, प्रमुख सचिव वित्त मनीष रस्तोगी तथा अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।




### लोक-पथ एप से हुईं 3 हजार 652 शिकायतें निराकृत

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इंदौर में ईस्टर्न बायपास परियोजना का क्रियान्वयन किसानों तथा क्षेत्र के निवासियों को विश्वास में लेकर किया जाए। क्षेत्र के विकास में स्थानीय लोगों के लाभ व हित सुनिश्चित करते हुए योजना लागू की जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सड़कों के रख-रखाव में अद्यतन तकनीक अपनाते हुए कार्य किया जाए। बैठक में जानकारी दी गई कि 07 अगस्त से 06 सितम्बर तक प्रदेश में सड़कों की मरम्मत के लिए चलाये गये विशेष अभियान में प्रमुख अभियंता, सड़क एवं सेतु द्वारा 35,995 किलोमीटर सड़कों पर मरम्मत की गई। आम नागरिकों द्वारा सड़कों में गड्ढों की शिकायत के लिए संचालित लोक-पथ एप में 46,516 किलोमीटर सड़कें रजिस्टर्ड हैं। गत 2 माह में एप में 3 हजार 721 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें से 3 हजार 652 शिकायतें निराकृत की जा चुकी हैं।

### ठेकेदारों पर पहली बड़ी कार्रवाई

मोहन सरकार ने लोक निर्माण विभाग में गड़बड़ी करने वाले ठेकेदारों पर बड़ी कार्रवाई की है। इससे पहले एक साथ कभी इतने ठेकेदारों पर कार्रवाई नहीं की गई। खराब सड़कों को लेकर 15 कार्यपालन यंत्रियों को कारण बताओ नोटिस और 156 ठेकेदारों को नोटिस भेजे हैं। 9 ठेकेदारों की 73 लाख 30 हजार रूपए की राशि राजसात कर उनका पंजीयन ब्लैक लिस्ट किया गया है। साथ ही मप्र सड़क विकास निगम ने ओएमटी योजना की 3 सड़कों पर टोल एजेंसियों को हटा दिया है। साथ ही 1 करोड़ 30 लाख रूपए का जुर्माना लगाया है। सड़क विकास निगम ने 17 ठेकेदारों और 6 अधिकारियों को सड़कों की खराब हालत पर शो-कॉज नोटिस भी जारी किए। प्रदेश में 21 जिलों में चयनित 41 डामरीकृत सड़कों पर व्हाईट टॉपिंग कार्य का पायलेट प्रोजेक्ट लिया जा रहा है। व्हाईट टॉपिंग के अंतर्गत डामरीकृत सड़कों पर 6 से 8 इंच मोटाई का कांक्रीट का कार्य किया जाता है।

# अतिशेष शिक्षकों की आपत्तियां सुनेगा स्कूल शिक्षा विभाग

### अब तक 15 हजार में 10 हजार शिक्षकों ने ही दी काउंसलिंग में उपस्थिति

■ भोपाल

समायोजन की प्रक्रिया से नाराज अतिशेष शिक्षकों के दावे-आपत्ति स्कूल शिक्षा विभाग फिर से सुनेगा। 5 से 11 अक्टूबर तक इसके लिये आवेदन प्रस्तुत किये जा सकेंगे। 14 से 18 अक्टूबर तक अभ्यावेदनों का निराकरण कर आदेश जारी किए जाएंगे। इसके पहले संभागीय संयुक्त संचालक लोक शिक्षण की अध्यक्षता में गठित कमेटी इसका परीक्षण संकुल प्राचार्य से दस्तावेज लेकर निर्णय लेगी।

दरअसल समायोजन की प्रक्रिया से असंतुष्ट शिक्षकों ने बीते दिनों प्रदर्शन किया था। इसे देखते हुए लोक शिक्षण संचालनालय ने फिर से आपत्ति सुनने का निर्णय लिया है। हालांकि काउंसिलिंग से पहले भी शिक्षकों की आपत्तियां सुनी गई हैं, फिर भी कुछ शिक्षक संतुष्ट नहीं हुए हैं और वे विभिन्न स्तर पर अपने अभ्यावेदन दे रहे हैं। लिहाजा इस निर्णय से ऐसे शिक्षकों को मौका मिल गया है।

**28 हजार में से 10 हजार शिक्षकों ने दी उपस्थिति**

जानकर हैरानी होगी कि चिंहित किये गये 28 हजार अतिशेष शिक्षकों में सिर्फ 15 हजार के ही पदस्थापना आदेश जारी हो पाये हैं। इसमें भी 10 हजार शिक्षकों ने ही अपनी उपस्थिति दी है। जानकारी के अनुसार काउंसिलिंग में अब तक 10015 प्राथमिक, 4136 माध्यमिक और 1191 उच्च माध्यमिक स्तर के शिक्षकों ने उपस्थित होकर नवीन पदस्थापना के लिए स्कूल का चयन किया है।



### मुख्य सचिव से मिले मंत्रालयीन कर्मचारी

मंत्रालय सेवा अधिकारी-कर्मचारी संघ का प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को संघ के अध्यक्ष इंजीनियर सुधीर नायक के नेतृत्व में मुख्य सचिव अनुराग जैन से मिला। कर्मचारियों ने जैन को मुख्य सचिव बनने और कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर मुख्य सचिव ने राष्ट्रहित में मिलजुलकर काम करने पर जोर दिया। प्रतिनिधिमंडल में मंत्रालय सेवा अधिकारी-कर्मचारी संघ के पदाधिकारी शामिल थे।

# अतिथि शिक्षकों पर लाठीचार्ज की उच्च न्यायालय की निगरानी में कराएं जांच

### पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने की दोषियों पर कार्रवाई की मांग

■ भोपाल



राजधानी में दो दिन पहले अपनी मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे अतिथि शिक्षकों पर भोपाल पुलिस ने रात के अंधेरे में लाठीचार्ज करने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने मांग की है कि घटना की उच्च न्यायालय की निगरानी में उच्च स्तरीय जांच कराई जाए और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। पूर्व मुख्यमंत्री ने एक्स पर प्रदेश की कानून व्यवस्था पर भी सवाल खड़े किए हैं।

'कमलनाथ ने कहा कि भोपाल में प्रदर्शन करने आए अतिथि शिक्षकों के साथ की गई बर्बरता की जो खबरें सामने आ रही हैं, वह बहुत चौंकाने वाली हैं। शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने वाले अतिथि शिक्षकों पर रात के अंधेरे में बिजली गुल करके किया गया लाठीचार्ज किया। क्या मध्यप्रदेश में अपनी जायज मांगों के समर्थन में शांतिपूर्ण प्रदर्शन करना गुनाह हो गया है?

मैं मुख्यमंत्री से मांग करता हूं कि अतिथि शिक्षकों के साथ हुए अत्याचार की हाई कोर्ट की निगरानी वाली कमेटी से उच्च स्तरीय जांच कराई जाए। और जो भी इसके लिए दोषी पाए जाते हैं, उन्हें कानून के मुताबिक सख्त सजा दी जाए।'

### पाली विकास बोर्ड के अध्यक्ष का सम्मान

**भोपाल।** पाली विकास बोर्ड के अध्यक्ष और कुलगुरु प्रो. वैद्यनाथ लाभ का सम्मान किया गया। साँची बौद्ध भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय में पाली भाषा को शास्त्रीय भाषा घोषित होने पर यह पुरूस्कार दिया गया है।

इस अवसर पर प्रो. लाभ ने बताया कि भगवान बुद्ध के जन्म के 100 वर्ष पूर्व यानि 700 ईसा पूर्व पाली भाषा विकसित हुई और बाद में जनमानस की भाषा बन गई। बता दें कि भारत सरकार ने पाली, पाकृत, मराठी, असमिया और बंगाली भाषा को शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिया है। भारत में शास्त्रीय भाषाओं की संख्या 11 हो गई है।

# डॉ. पुष्कर को राष्ट्रपति ने किया सम्मानित

■ भोपाल

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को डॉ. पुष्कर रविंद्र राणे को अटल बिहारी वाजपेयी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस और डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल के 10 वे दीक्षांत समारोह में एमसीएच न्यूरोसर्जरी के विश्वविद्यालय टॉपर होने पर गोल्ड मेडल से सम्मानित किया।



राष्ट्रपति ने कहा कि विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन हो रहे हैं। टेली मेडिसिन के प्रयोग से दूर दराज के क्षेत्रों में गुणवत्ता पूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ी है। बीमारियों के निदान और उपचार को अधिक प्रभावी ढंग से करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग के बारे में समझा जा रहा है। उन्होंने डॉक्टरों को सीखने की ललक बनाए रखने की सलाह दी और कहा कि उन्हें नए शोध पत्र पढ़ रहना चाहिए और नई तकनीकों को अपनाना चाहिए। इससे वो मरीजों का बेहतर इलाज कर सकेंगे। डॉ. पुष्कर रविंद्र राणे भोपाल स्थित सागर मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में न्यूरोसर्जन हैं। यह उपलब्धि उनके शैक्षणिक प्रदर्शन और न्यूरोसर्जरी के क्षेत्र में उनकी अटूट मेहनत को दर्शाती है। पिछले एक साल में, उन्होंने स्पा में जटिल ब्रेन और स्पाइनल सर्जरी सफलतापूर्वक की हैं, जिसमें घायल मरीजों की हेड सर्जरी और स्पाइनल इंजरी वाले मामलों का सफल इलाज भी शामिल है।

# 14 तक होगा धान, ज्वार एवं बाजरा का पंजीयन

### किसानों को एसएमएस से दी जा रही सूचना

■ भोपाल

खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार एवं बाजरा उपार्जन के लिए पंजीयन 14 अक्टूबर तक होगा। पहले यह अवधि 4 अक्टूबर तक थी, जिसे किसानों की सुविधा के लिए और बढ़ाया गया है। पंजीयन प्रक्रिया को 19 सितंबर से प्रारंभ किया गया था।

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने बताया कि किसानों को पंजीयन के लिए विभिन्न माध्यमों से जानकारी दी जा रही है। जिन किसानों के मोबाइल नंबर उपलब्ध हैं, उन्हें एसएमएस से सूचित किया जा रहा है। इसके अलावा गांव में डोंडी पिटवाकर ग्राम पंचायतों के सूचना पटल पर पंजीयन सूचना प्रदर्शित की गई है। वहीं समिति/ मंडी स्तर पर बैनर भी लगाएं गए हैं। जबकि ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत और तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र तथा सहकारी समितियों एवं विपणन संस्थाओं के पंजीयन केन्द्र पर एवं एमपी किसान एप पर पंजीयन की सुविधा दी गई है।

## बांस शिल्प का प्रशिक्षण



भोपाल के पीएम श्री स्कूल में जवाहर नवोदय विद्यालय बाड़ी रायसेन के बच्चों को बांस की कार्यशाला के माध्यम से बांस शिल्प का प्रशिक्षण दिया गया।

# सहायक वन संरक्षकों से अब नहीं होगी वसूली

### 147 के मामले में दो साल बाद वन विभाग ने निरस्त किए नोटिस




■ भोपाल

प्रदेश के 147 सहायक वन संरक्षक (एसडीओ फारेस्ट) से अब तृतीय समयमान वेतनमान के रूप में दी गई राशि की वसूली नहीं की जाएगी। सेवानिवृत्त सहायक वनसंरक्षक अखिलेश कुमार शर्मा के मामले में हाईकोर्ट जबलपुर के फैसले के बाद वन विभाग ने नवंबर 2022 में जारी वसूली के नोटिस निरस्त कर दिया है।

जानकारी के मुताबिक वनक्षेत्रपाल से पदोन्नत 148 सहायक वन संरक्षकों को वित्त विभाग के परिपत्र 30 सितंबर 2014 के आधार पर 22 जून 2016 एवं 12 जुलाई 2017 से तृतीय समयमान वेतनमान का लाभ दिया गया है। इसलिये वन विभाग ने इन अधिकारियों को नोटिस दिया था कि तृतीय समयमान वेतनमान का लाभ गलत तरीके से मिला है, इसलिए यह राशि आपके वेतन या पेंशन से वसूली की जाएगी। इनमें से सेवानिवृत्त सहायक वन संरक्षक अखिलेश कुमार शर्मा ने इस वसूली के खिलाफ हाईकोर्ट में विभाग को कटघरें में खड़ा कर दिया। हाईकोर्ट ने 15 मार्च 2024 को फैसला सुनाया, पर विभाग ने पालन नहीं किया। इसके बाद लगाई गई अवमानना की याचिका के बाद विभाग ने करीब 20 दिन पूर्व कारण बताओ नोटिस निरस्त किया है।

### इधर, वन रक्षकों पर लटकी वसूली की तलवार

राज्य के 6592 वनरक्षकों से 165 करोड़ की वसूली की तलवार लटकी हुई है। इसे निरस्त करने वन बल प्रमुख असीम श्रीवास्तव से कर्मचारी संगठनों की मुलाकात के बाद भी नोटिस के आदेश नहीं लिये गये है। वेतन बैंड और ग्रेड-पे के मामले में कर्मचारी वित्त और वन विभाग को कटघरे में खड़ा कर रहे है। वहीं वनमंडल कार्यालयों द्वारा वसूली शुरू कर दी गई है। इसे अनुचित बताते हुए शुक्रवार को खून से लिखा पोस्टकार्ड मुख्यमंत्री को भेजा। यहां कर्मचारी मंच के प्रदेश अध्यक्ष अशोक पांडे ने उच्च स्तरीय जांच करने की मांग की है।

**निरीक्षण** रीवा, भोपाल, सीहोर और शिवपुरी जिलों का दौरा करेगा केंद्रीय निगरानी दल

# निगरानी दल जानने निकला पशुओं से जुड़ी योजनाओं की हकीकत

■ भोपाल

पशुपालन व डेयरी विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जमीनी हकीकत केंद्र सरकार पता लगाने जा रही है। इसके मद्देनजर एक राष्ट्रीय निगरानी दल मप्र पहुंचा है। करीब सप्ताह भर यह भोपाल और सिहोर के साथ रीवा और शिवपुरी भी जाएगा। इसके पहले पशुपालन संचालनालय में बैठक हुई। जहां राज्य के अधिकारियों ने विभिन्न योजनाओं के क्रियांवयन की मौजूदा स्थिति से अवगत कराया गया।

प्रमुख सचिव म.प्र. शासन पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ. ई. रमेश कुमार, ने बताया कि दल के सदस्य प्रमुख रूप से राष्ट्रीय गोकुल मिशन, राष्ट्रीय पशुधन मिशन, राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम, पशुधन स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण कार्यक्रम का मूल्यांकन करेंगे।



वहीं केंद्र सरकार द्वारा गठित राष्ट्रीय निगरानी दल के सदस्यों ने मीडिया को बताया कि पशुगणना के साथ पशुओं की अन्य जानकारी भी जुटाई जाएगी। साथ ही शासकीय योजनाओं के विषय में पशुपालकों तथा हितग्राहियों के सुझाव एकत्रित करेगा और योजना क्रियान्वयन के मापदंडों, गुणवत्ता, परिणाम को मापा जाएगा।

### जांच दल में ये अधिकारी शामिल

दल में पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ. अजय के गहलोत, नेशनल प्रोडक्टिविटी काउंसिल के सेवानिवृत्त निदेशक डॉ. ऋषिपाल सिंह, ओएनजीसी के सेवानिवृत्त महाप्रबंधक डॉ. आंगन निराला, सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक डॉ. प्रदीप सारस्वत के सांख्यिकी सलाहकार जगत हजारिका और सहायक संचालक सांख्यिकी वीपी सिंह के नाम शामिल है।

### बांटे गये 64 करोड़ के ऋण

राज्य में 64 करोड़ के ऋण विभिन्न योजनाओं के माध्यम से दिये गये हैं। संचालक पीएस पटेल ने बताया कि यह करीब 160 लोगों के बीच वितरित किया गया है। इसके साथ 2.40 करोड़ पशुओं का टीकाकरण भी किया गया है।

### मोबाइल के माध्यम से होगी पशु गणना

प्रदेश में अब मोबाइल के माध्यम से पशुओं की गणना की जाएगी। पशुपालन विभाग के अधिकारी और टीम इसके माध्यम से पशुओं का डेटा कलेक्शन कर इसे मोबाइल एप में फीड करेंगे। इसके लिए डेटा कलेक्शन करने के साथ इसमें जानकारी होगी कि मेल, फीमेल कितने पशु हैं। साथ ही पशुओं की राज्यवार जानकारी होगी। पशुओं की 219 नस्ल हैं। इसमें विमुक्त घुमक्कड़ के पास कितनी नस्ल के पशु हैं? इनसे जानकारी लेंगे। इसके बाद आगे की योजनाओं पर विचार किया जाएगा।

## मुद्दा

# युद्ध का बढ़ना सभी के लिए घातक

मध्य पूर्व में युद्ध फैलता है तो आर्थिक संकट का दुष्चक्र शुरू होगा, जिसकी कीमत दूसरे देशों सहित भारत को भी चुकानी पड़ेगी। ईरान के मिसाइल अटैक के बाद से कच्चे तेल की कीमतों में बड़ी उछाल देखी जा रही है, जबकि इससे पहले इसमें कमी आई थी।



हिज्बुल्ला प्रमुख हसन नसरल्लाह की मौत के बाद जिस बात की आशंका जताई जा रही थी, वह सही होती लग रही है। पहले ईरान सीधे जंग में कूदा और अब दुनिया कई धड़ों में बंट गई है। एक पक्ष ईरान के साथ खड़ा है तो दूसरा इजरायल के साथ। आज संकट ऐसे दौर में आ गया है, जिसे टाला जा सकता था। बातचीत के जरिए शांति का रास्ता तैयार किया जा सकता था, पर अब चीजें इन सबसे आगे निकल गई हैं। छोटी-सी गाजा पट्टी पर शुरू हुई लड़ाई बेकाबू जंग का रूप लेती जा रही है। ईरान का इजरायल पर ताजा हमला इस बात का साफ संकेत है कि दोनों पक्ष हमलों का जवाब हमलों से देने पर आमादा हैं। मगर युद्ध का फैलना खतरनाक होगा। यह तय करना जरूरी है कि कम से कम जंग और तेज न हो, इसका दायरा और न फैले। सऊदी अरब व यूएई जैसे मुल्क अभी तक इस संघर्ष से दूरी बनाए हुए हैं, लेकिन युद्ध जिस तरह से फैल रहा है, उसमें अरब देशों का बहुत देर तक तटस्थ रहना शायद संभव न रह पाए। भारत के सामने सबसे बड़ी कूटनीतिक चुनौती होगी कि वहइजरायल और अरब वर्ल्ड के बीच किस तरह से संतुलन साधता है।

ईरान के संघर्ष में सीधे तौर पर शामिल होने से रेड सी ट्रेडिंग रूट पर असर पड़ने की आशंका है। यह एक वजह काफी है भारत की चिंता बढ़ाने के लिए। यह समुद्री रास्ता हिंदुस्तान को यूरोप, उत्तरी अमेरिका, उत्तरी अफ्रीका और मध्य पूर्व से जोड़ता है। पिछले वित्तीय वर्ष में देश का करीब 50 फीसदी निर्यात और 30 फीसदी आयात इसी रूट से हुआ था। लाल सागर तक संकट खिंचने का मतलब होगा कारोबार के लिए लंबा समुद्री रास्ता तय करना। इससे ट्रांजिट कॉस्ट काफी बढ़ जाएगी। किराये पर भी असर पड़ेगा, डिलिवरी में देरी होगी और कंपनियों का मुनाफा घटेगा। पिछले साल जब हूती विद्रोहियों ने रेड सी रूट पर जहाजों को निशाना बनाना शुरू किया था, तब भी व्यापार में काफी अड़चन आई थी। उसकी वजह से कंपनियों की सामान लाने ले जाने की लागत अभी तक बढ़ी ही है। इस बार तो खतरा पहले से कहीं ज्यादा गंभीर है। ईरान के इजरायल पर मिसाइल अटैक के बाद से तेल की कीमतों में उछाल देखी जा रही है, जबकि इससे पहले इसमें कमी आई थी। भारत तीन चौथाई से अधिक तेल जरूरतों के लिए विदेशी बाजारों पर निर्भर है। ऐसे में इसकी कीमत बढ़ने से भारतीय इकोनॉमी पर दबाव बढ़ेगा।

कुल मिलाकर, अगर यह युद्ध फैलता है तो आर्थिक संकट का दुष्चक्र शुरू होगा, जिसकी कीमत दूसरे देशों सहित भारत को भी चुकानी पड़ेगी। इसलिए भारत चाहेगा कि संकट जितनी जल्दी हो सके, टल जाए। भारत दोनों पक्षों से चाहेगा कि वे बातचीत का रास्ता अपनाएं और संघर्ष के रास्ते से कदम पीछे हटाएं। फिलहाल भारत की यह मंशा कितनी पूरी होगी वक्त बताएगा, क्योंकि इजरायल अभी ईरान से बदला लेने पर अड़ा है और जब तक वह ईरान को सबक नहीं सिखा देता, तब तक वह मानेगा नहीं। इजरायल की इस सख्ती में ईरान से ज्यादा भारत का कितना नुकसान होगा, यह देखने वाला रहेगा।

## पंचांग

5 अक्टूबर 2024 दिन शनिवार आश्विन मास शुक्ल पक्ष तृतीया तिथि विक्रम संवत 2081 शक संवत 1946, **राहु काल**:- प्रातः 9:00 बजे से 10:30 बजे तक, **योग**:- विष्कुंभ। **करण**:-तैतुल, **नक्षत्र के अनुसार राशि नाम अक्षर**:- रे रो ता ती, **आराधना का मंत्र**:- ॐ वायरत्नरदि बुधः सुमेध श्वेत सिशिक्तिनो युतामभि श्री तं वायवे सुमनसा वितस्थुर्विश्वेनरः स्वपत्थ्या निचक्र :।।, **सूर्य उदय कालीन ग्रह विचार**:- सूर्य कन्या राशि में चंद्र तुला राशि में मंगल मिथुन राशि में बुध कन्या राशि में गुरु वृषभ राशि में शुक्र तुला राशि में शनि कुंभ राशि में राहु मीन राशि में और केतु कन्या में रहेगा। **सूर्य उदय कालीन नक्षत्र विचार**:- सुबह प्रातः काल तुला राशि का नक्षत्र स्वाति का द्वितीय चरण प्रारंभ होगा और इसका नक्षत्र पाया रजत रहेगा प्रातः 10:30 बजे तुला राशि का नक्षत्र स्वाति का तृतीय चरण प्रारंभ होगा और इसका नक्षत्र पाया रजत रहेगा दोपहर 4:00 बजे तुला राशि का नक्षत्र स्वाति का चतुर्थ चरण प्रारंभ होगा और इसका नक्षत्र पाया रजत रहेगा रात्रि 10:00 बजे तुला राशि का नक्षत्र विशाखा का प्रथम चरण प्रारंभ होगा और उसका नक्षत्र पाया रजत रहेगा।

## राशिफल — पं. अरविंद तिवारी

**मेष**-समय शानदार है कार्यक्षेत्र आपकी रूचि के अनुरूप रहेगा परंतु सलाह यही है कि जरूरी काम तेजी से कर ले।

**वृषभ**-ग्रह लगातार मजबूती आपको प्रदान कर रहे हैं इसका भरपूर फायदा उठाकर अपने आवश्यक काम तेजी से कर ले।

**मिथुन**-सितारे आज दोपहर तक कि आपकी सहायता करेंगे जरूरी काम काज तेजी से करें।

**कर्क** -आपकी राशि में आज धूप छांव की स्थिति बनी रहेगी शाम से परिस्थितियां सामान्य होंगे।

**सिंह**-समय आज से सामान्य हो रहा है कल की तुलना में आज परेशानियां कम रहेंगी परंतु अभी भी जरूरी निर्णय सोच-समझकर करें।

**कन्या**-समय आज सामान्य है जरूरी काम करने से बचें मन अप्रसन्न रह सकता है।

**तुला**- चंद्रमा का आपकी राशि में गोचर दिन भर आपकी भरपूर सहायता करेगा जरूरी काम शाम तक अवश्य कर लें।

**वृश्चिक**-राशि स्वामी का सहयोग ना मिलने के कारण मन परेशानी से भरा रहेगा खर्च बढ़ सकता है।

**धनु**-ग्रह आज से सामान्य हो रहे है, तनाव और परेशानियां कम होंगी कामकाज में रुचि बढ़ेगी।

**मकर**-समय आज कमजोर सा है अनावश्यक परेशानियां आपके सामने उत्पन्न होंगी।

**कुंभ**-समय की अनुकूलता लगातार आपके पक्ष में बनी हुई है इसका भरपूर लाभ उठाकर अपने आवश्यक कार्यो को तेजी से करें।

**मीन**-सितारे आज मजबूत स्थिति में बने हुए हैं जिनके चलते आपका कार्य तेजी से संपन्न होगा।

# प्रदूषण रोकने राष्ट्रीय नीति की जरूरत

**यह** बेहद चिंताजनक है कि वायु प्रदूषण से भारत में हर साल छह लाख और दुनिया भर में साठ लाख लोगों की जान जा रही है। बावजूद इसके सरकारों को इस दिशा में काम करने की जरूरत महसूस नहीं हो रही है। पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद भी प्रदूषण के मसले पर अब कोई प्रक्रिया नहीं शुरू हुई है जो यह बता पाए कि इस बार की सर्दी में किसी को भी प्रदूषण की मार नहीं झेलनी पड़ेगी। दक्षिण पूर्व एशिया क्षेत्र में वायु प्रदूषण की वजह से हर साल आठ लाख जानें जा रही हैं जिनमें 75 फीसद से ज्यादा मौतें भारत में हो रही हैं। दक्षिण पूर्व एशिया क्षेत्र से हवा के जो नमूने मिले हैं उस आधार पर कहा जा सकता है कि यह क्षेत्र आपातकालीन स्थिति में है। हर दस में से नौ लोग ऐसी हवा में सांस ले रहे हैं जो सेहत को नुकसान पहुंचा रही है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने आठ अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के साथ मिल कर दुनिया भर के तीन हजार शहरों व कस्बों की हवा का विश्लेषण किया है। इसमें बाहरी और अंदरूनी वायु प्रदूषण के तहत पीएम 2.5 और पीएम 10 प्रदूषकों के स्तर को मापा गया। कई शहरों में प्रदूषक तत्व विश्व स्वास्थ संगठन के तय मापदंड 10 माइक्रोग्राम प्रति घनमीटर से अधिक पाए गए। रिपोर्ट में कहा गया है कि 92 फीसद वैश्विक जनसंख्या सर्वाधिक वायु प्रदूषित इलाकों में रह रही है। भारत में वायु प्रदूषण किस तरह जानलेवा साबित हो रहा है यह पिछले साल यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो, हार्वर्ड व येल के अर्थशास्त्रियों की उस रिपोर्ट से उद्घाटित होता है जिसमें कहा गया कि भारत दुनिया के उन देशों में शुमार है जहां सबसे अधिक वायु प्रदूषण है और जिसकी वजह से यहां के लोगों को समय से तीन साल पहले काल का ग्रास बनना पड़ रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक अगर भारत अपने वायु मानकों को पूरा करने के लिए इस आंकड़े को उलट देता है तो इससे 66 करोड़ लोगों के जीवन के 3.2 वर्ष बढ़ जाएंगे।

रिपोर्ट में कहा गया कि भारत की आधी आबादी यानी 66 करोड़ लोग उन क्षेत्रों में रहते हैं जहां सूक्ष्म कण पदार्थ प्रदूषण भारत के सुरक्षित मानकों से ऊपर हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर भारत वायु प्रदूषण पर शीघ्र नियंत्रण नहीं लगाता है तो 2025 तक अकेले राजधानी दिल्ली में ही वायु प्रदूषण से हर वर्ष 26,600 लोगों की मौत होगी। यूनिवर्सिटी ऑफ कैरोलीना के विद्वान



जैसन वेस्ट के अध्ययन के मुताबिक वायु प्रदूषण से सबसे अधिक मौतें दक्षिण और पूर्व एशिया में होती हैं। आंकड़े बताते हैं कि हर साल मानव निर्मित वायु प्रदूषण से 4 लाख 70 हजार और औद्योगिक इकाइयों से उत्पन प्रदूषण से 21 लाख लोग दम तोड़ते हैं। पिछले साल पत्रिका 'नेचर' ने खुलासा किया कि अगर शीघ्र ही वायु की गुणवत्ता में सुधार नहीं हुआ तो 2050 तक प्रत्येक वर्ष 66 लाख लोगों की जानें जा सकती हैं। गौरतलब है कि यह रिपोर्ट जर्मनी के मैक्स प्लेंक इंस्टीट्यूट ऑफ केमेस्ट्री के प्रोफेसर जोहान लेलिवेल्ड और उनके शोध दल ने तैयार की थी, जिसमें प्रदूषण फैलने के दो प्रमुख कारण गिनाए गए। एक पीएम 2.5-एस विषाक्त कण, और दूसरा, वाहनों से निकलने वाली गैस नाइट्रोजन आक्साइड। रिपोर्ट में आशंका जाहिर की गई कि भारत और चीन में वायु प्रदूषण की समस्या विशेष तौर पर गहरा सकती है, क्योंकि इन देशों में खाना पकाने के लिए कच्चे ईंधन का इस्तेमाल होता है जो कि प्रदूषण का बड़ा स्रोत है। विशेषज्ञों की मानें तो इससे निपटने की तत्काल वैश्विक रणनीति तैयार नहीं की गई तो विश्व की बड़ी जनसंख्या वायु प्रदूषण की चपेट में होगी। अच्छी बात है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने वायु-प्रदूषण से होने वाले स्वास्थ्य-जोखिम के बारे में जागरूकता बढ़ाने की अपील की है। लेकिन विडंबना है कि इस पर अमल नहीं हो रहा है। भारत की बात करें तो कुछ साल पहले 'क्लीन एयर एक्शन प्लान' के जरिए वायु प्रदूषण से निपटने का संकल्प व्यक्त किया गया। लेकिन उस पर कोई काम नहीं हो रहा है। नतीजतन, उपग्रहों से लिए गए आंकड़ों के आधार पर तैयार रिपोर्ट के मुताबिक विश्व के 189 शहरों में सर्वाधिक प्रदूषण-स्तर भारतीय शहरों में है। देश के शहरों के वायुमंडल में गैसों का अनुपात बिगड़ता जा रहा है और उसे लेकर किसी तरह की सतर्कता नहीं बरती जा रही। आंकड़ों पर गौर करें तो हाल के वर्षों में वायुमंडल में ऑक्सीजन की मात्रा घटी है और दूषित गैसों की मात्रा बढ़ी है। कार्बन डाइ ऑक्साइड की मात्रा में तकरीबन पच्चीस फीसद की वृद्धि हुई है। इसका कारण बड़े कल-कारखानों और उद्योग-धंधों में कोयले व खनिज तेल का उपयोग है।

**रीता सिंह**
(वरिष्ठ पत्रकार)

# वीरांगना रानी दुर्गावती सुशासित व समृद्ध साम्राज्य की प्रेरणास्रोत

वीरांगना रानी दुर्गावती महिला शासकों के भारतीय स्वर्णिम इतिहास का एक महत्वपूर्ण हस्ताक्षर है। रानी दुर्गावती ने 16वीं शताब्दी में गोंडवाना राज्य की शासक के रूप में अपने साहस और नेतृत्व के लिए ख्याति प्राप्त की। उनकी जन-कल्याणकारी व्यवस्था को सुशासन का एक उत्कृष्ट उदाहरण माना जाता है। रानी ने एक संतुलित, न्यायपूर्ण और विकासात्मक प्रणाली के रूप में शासन व्यवस्था को सुदृढ़ करते हुए गोंडवाना को एक मजबूत और समृद्ध साम्राज्य बनाया।

वीरांगना रानी दुर्गावती के शासन में गोंड संस्कृति ने देश की सांस्कृतिक विरासत को और समृद्ध किया है। उन्होंने अपनी पारंपरिक प्रथाओं से पर्यावरण के संवर्धन और संरक्षण में अग्रणी भूमिका निभाई है। आजादी के प्रति असीम प्रेम और किसी की अधीनता स्वीकार न करने की जिद और जुनून गोंड समाज की पहचान रही है। रानी दुर्गावती गोंड समुदाय के पराक्रम, भारतीय वीरता और शूरता की साक्षात् प्रतिमूर्ति थीं।

मुगल साम्राज्य की अधीनता स्वीकार न करने वाली रियासतों के लिए मुगल काल में सुरक्षित रहना बहुत कठिन माना जाता था, क्योंकि विशाल मुगल सेना के सामने युद्ध भूमि में सामना करना बहुत चुनौतीपूर्ण था। ऐसे समय में गोंडवाना साम्राज्य की संरक्षिका के रूप रानी दुर्गावती के कार्य एवं अपूर्व वीरता के साथ राज्य के विकास में किया गया अभूतपूर्व योगदान सुनहरे अक्षरों में दर्ज है। रानी दुर्गावती के कार्यों और वीरता का गुण-गान आज भी जनजातीय क्षेत्रों में विभिन्न बोलियों और कई भाषाओं में किया जाता है, जो भावी पीढ़ियों के लिये प्रेरणास्पद है।

रानी दुर्गावती का संघर्ष मुगलों के खिलाफ था और वे जनजातीय संस्कृति और विरासत की सुरक्षा के प्रति कृत-संकल्पित थीं। उन्होंने मुगलों के खिलाफ एक सशक्त प्रतिरोध का आधार तैयार किया, जिसने देश के दूसरे क्षेत्रों में रहने वाले राजा-महाराजा और अधीनता स्वीकार न करने वाले अनेक समूहों को मुगल सत्ता के खिलाफ लगातार लड़ने के लिए प्रेरित किया। वर्तमान जबलपुर उनके साम्राज्य का केंद्र था। रानी ने करीब 16 वर्ष तक शासन किया। उन्होंने अपने कार्य-काल में अनेक मंदिर, मठ, कुएं, बावड़ियां तथा धर्मशालाएं बनवाईं। लोक कल्याणकारी कार्यों के लिए रानी की कीर्ति दूर-दूर तक फैल गई।

रानी दुर्गावती के गढ़ मंडला पर मुगल सूबेदार बाजबहादुर की बुरी नजर थी, लेकिन युद्ध में रानी दुर्गावती ने उसकी पूरी सेना का सफाया कर दिया और फिर वह कभी पलटकर नहीं आया। मुगल सेना के कई हमलों को नाकाम करने वाली रानी दुर्गावती का खौफ दिल्ली की मुगल सत्ता को भी प्रभावित करने लगा। रानी दुर्गावती को अपनी रणनीतिक योग्यता, पारम्परिक सैन्य संसाधन और सैन्य शक्ति पर इतना विश्वास था कि वे विशाल मुगल सेना से कभी विचलित नहीं हुईं। रणक्षेत्र में रानी ने मुगलों की अपेक्षा में बेहद छोटी सेना होने के बाद भी असीम वीरता का परिचय दिया। इस कारण मुगल सेना युद्ध मैदान से भाग खड़ी हुई। रानी दुर्गावती ने मुगलों के खिलाफ अपनी भूमि की रक्षा के लिए जिस अद्वितीय साहस का परिचय दिया, वह भारत की मातृशक्ति के पराक्रम, शौर्य और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है।

रानी दुर्गावती को भारतीय इतिहास की सर्वाधिक प्रसिद्ध महारानियों और बेहतर प्रशासकों में शुमार किया जाता है। उन्होंने जिस कुशलता से राज संभाला, उसकी प्रशस्ति इतिहासकारों ने भी की है। आईन-ए-अकबरी में अबुल फ़ज़ल ने लिखा है कि दुर्गावती के शासनकाल में गोंडवाना इतना सुव्यवस्थित और समृद्ध था कि प्रजा लगान की अदायगी-स्वर्ण मुद्राओं और हाथियों से करती थी।

रानी दुर्गावती ने गोंडवाना की स्थिरता, विकास तथा कानून-व्यवस्था बनाये रखने के लिए प्रभावी न्याय प्रणाली की स्थापना की। उन्होंने स्व-शासन को बढ़ावा देते हुए गांवों को मजबूत किया, जिससे किसान खुशहाल हुए। रानी दुर्गावती ने कृषि, व्यापार और हस्तशिल्प को बढ़ावा दिया। उन्होंने कृषि सुधारों और सिंचाई योजनाओं को लागू किया, जिससे खाद्य उत्पादन बढ़ा। रानी दुर्गावती ने शिक्षा और संस्कृति के विकास पर अधिक जोर दिया। उन्होंने साहित्य, कला और संगीत को प्रोत्साहित किया, जिससे गोंडवाना की सांस्कृतिक धरोहर को बढ़ावा मिला। रानी दुर्गावती की नेतृत्व क्षमता, साहस और बलिदान, राजनैतिक समझ, सामाजिक न्याय को सुदृढ़ करने के कार्य, सांस्कृतिक समृद्धि और राज्य में स्थिरता बनाये रखने की कोशिशें अतुलनीय थी। जन-कल्याण के प्रति इसी प्रतिबद्धता और मातृभूमि की सुरक्षा के संकल्प ने रानी दुर्गावती को एक महान नेतृत्वकर्ता और शासक के रूप में इतिहास में अमर बना दिया। उनका जीवन और न्यायपूर्ण शासन आज भी प्रेरणा का ऊर्जा स्रोत है।

**क्रांतिदीप अलूने**
*(लेखक जनसम्पर्क संचालनालय में उप संचालक हैं।)*



(वीरांगना रानी दुर्गावती जयंती पर विशेष)

# आजादी के अमृतकाल में रानी दुर्गावती के विचारों की प्रासंगिकता

मध्य भारत की सुनहरी भूमि पर स्थित कालिंजर के किले में चन्देल वंश में उत्पन्न महारानी दुर्गावती की शौर्य गाथा से पूरा भारत परिचित है। रानी दुर्गावती के शासनकाल में धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष नामक चारों पुरुषार्थ विद्यमान थे और आकाश-वायु-अग्नि आदि पञ्चमहाभूत सन्तुलित होकर माता वसुन्धरा के संरक्षण व संवर्धन करने को लालायित थे। प्रजा खुशहाल थी और अर्थव्यवस्था समृद्धि की हिलोरें मार रही थी। चन्दन से महात्माओं का अभिनन्दन और मन्दिरों में पुष्पों से प्रभु का वन्दन होता था। उनकी इन्हीं विशेषताओं के कारण आज आजादी के अमृतकाल में रानी दुर्गावती के 500वें जन्मदिवस के समय गोंडवाना क्षेत्र में रानी दुर्गावती का जीवनवृत्त बच्चे-बच्चे की मुंहबोली शौर्यगाथा बन चुका है।

गोंडवाना रानी के राज्य की विदेशनीति तथा उनके निर्णयों में राज्य की सम्प्रभुता, स्वतन्त्रता तथा सामाजिक समरसता को सदैव ध्यान में रखा गया था। सम्प्रति, रानी दुर्गावती के 500वें जन्मवर्ष में उनके ये विचार आधुनिक भारतीय लोकतन्त्र के लिए अवश्य ही प्रेरक हैं, क्योंकि जब समूचा विश्व दो गुटों में बंटा हुआ है, तो प्रजा के कल्याण हेतु ऐसे कठिन निर्णय लेने होते हैं, जो राज्य की सम्प्रभुता, अक्षुण्णता और स्वतन्त्रता को ठेस न पहुंचावे। रानी दुर्गावती ने मुगल आक्रान्ता अकबर को उसी की भाषा में प्रत्युत्तर दिया, जबकि वे मुगल सैन्य शक्ति से भली-भाँति परिचित थी। वे अपने राज्य की विदेशनीति और आन्तरिक सुरक्षा हेतु अपनी गुप्तचर संस्था के साथ नियमित रूप से बैठती थीं, जैसाकि वर्तमानकाल में किसी देश का प्रधानमन्त्री अपनी गुप्तचरसंस्था के साथ बैठक करता है और अपनी विदेशनीति व कूटनीति को कार्यान्वित करता है। इसलिए यह कहा जा सकता है कि समसामयिक सन्दर्भ में महारानी दुर्गावती की विदेशनीति विषयक विचार अतिप्रासंगिक हैं।

विख्यात शासिका दुर्गावती ने गोंडवाना राज्य के रामनगर, नयनपुर, कंजरिया, कांजीवाडा, लांजी, धूमा, कतंक, बैहर, डिंगैरी, कोतमा, गाडरवारा, बनखेडी, सोहागपुर, मैहर, गैरतगंज, भेलसा, गंजबसौदा, रायसेन, सिरौंज, भोजपाल, सिहोरा, पनानगर आदि क्षेत्रों में सुव्यस्थित जलापूर्त्ति व जलनिकास हेतु अनेक तालाब, नहर, बावली, कुओं आदि का निर्माण कराया था। तात्कालिक परिस्थिति में यह कार्य निःसन्देह प्रजाकल्याण हेतु सराहनीय प्रयास था, किन्तु सम्प्रति, जब महारानी दुर्गावती का 500वाँ जन्मदिवसवर्ष है, तो जलवायु परिवर्तन के इस काल में तत्सदृश जलापूर्त्ति व निकास व्यवस्था प्रासंगिक सी लगती है।

**नवरात्र में जन्मी (तिथि- 05 अक्टूबर, 1524, स्थान- कालिंजर दुर्ग) रानी को माता भगवती की विशेष अनुकम्पा जानकर ही महाराजा कीरत सिंह ने अपने ज्योतिषाचार्यो से विचार-विमर्श करने के पश्चात् उस कन्या का नाम दुर्गावती रखा था, जो खेलने-कूदने की अल्पायु में ही शस्त्रास्त्रों में अपनी रुचि देखने लगी थी। इस सन्दर्भ में प्रो. चित्रभूषण श्रीवास्तव जी की कुछ पंक्तियाँ उद्धृत करने योग्य हैं। पन्द्रह सौ चौबीस में जन्मी वो चन्देलों की शान थीं। कालिंजर राजा की बेटी वो इकलौती सन्तान थीं। दुर्गाष्टमी अवतरण दिवस दुर्गा का ही अवतार थीं, थर्राये मुगलों की सेना ऐसी भीषण ललकार थी।**

महारानी दुर्गावती ने धार्मिक समन्वय स्थापित करने हेतु भी अनेक सफल प्रयास किये थे, जिसके कारण विविध मताबलम्बियों में परस्पर गतिरोध न होते हुए समन्वय स्थापित हुआ था। महारानी दुर्गावती अपने धर्म के प्रति भी पूर्णरूपेण समर्पित रहती थीं। उन्होंने हिन्दू देवी-देवताओं के विभिन्न मन्दिरों का निर्माण कराया था और अनेक मन्दिरों में प्रभु श्रीराम, भद्रकाली, विष्णु भगवान् आदि देवताओं की प्रतिमा स्थापित कर धार्मिक सद्भावना का सन्देश दिया था। इस सम्बन्ध में प्रख्यात महारानी दुर्गावती नामक ग्रन्थ उल्लेखनीय है, जिसमें रानी दुर्गावती द्वारा निर्देशित बीरबल द्वारा शैक्षणिक कार्य, गोदान, अन्नदान, मन्दिरों व विद्यालयों के निमित्त भूदान आदि का वर्णन है। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में, जब एक ओर कट्टरवादी ताकतें गिद्धमुख किये भारतीय संस्कृति को निहार रही हैं, तो दूसरी ओर भारतीय संस्कृति का मूलमंत्र समन्वय और समरसता की भावना द्वारा इनको परास्त करना अत्यावश्यक है, जोकि महारानी की राजनीति में दृष्टिगोचर होता था।

रानी दुर्गावती मात्र अधिकारियों के द्वारा प्रदत्त जानकारी पर आश्रित होकर प्रजा को शासित नहीं करती थीं, अपितु वे अपना वेश बदलकर जनता की नब्ज टटोलती थीं। वे सामान्य प्रजा के मध्य जाकर उनकी रोजमर्रा की जिन्दगी में आने वाली चुनौतियों को प्रजा के द्वारा ही सुनती थी और उन चुनौतियों का तत्काल अथवा राजदरबार के माध्यम से निवारण किया करती थीं। जैसाकि एक शासक को अपन गुप्तचरों के माध्यम से ऐसा करना चाहिए, या स्वयं ही औचक निरीक्षण के माध्यम से सत्य का ज्ञान करना चाहिए।

**हितानंद शर्मा**
(लेखक भारतीय जनता पार्टी मध्य प्रदेश के प्रदेश संगठन महामंत्री हैं)

# खोलना होगा आयुर्वेद को मान्यता का रास्ता

**भले** ही दुनिया के कई देशों में आयुर्वेदिक दवाओं का आयात भारत से होता हो, लेकिन इनके खिलाफ बड़ा भारी मत यह है कि प्राचीन ग्रंथों के उल्लेखों और सिर्फ भरोसे के आधार पर उन दवाओं का कारोबार नहीं चल सकता जिनके बनाने की विधि में एकरूपता न हो और जिनके असर व दुष्प्रभाव को मापने का कोई जरिया न हो। इन स्थितियों के बावजूद हाल में स्विट्जरलैंड की सरकार ने कुछ यूरोपीय और चीन की पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों के साथ-साथ आयुर्वेद को भी मान्यता प्रदान कर दी है। इस मान्यता का अभिप्राय यह है कि अब न सिर्फ इन चिकित्सा पद्धतियों के तहत इलाज की वहां छूट होगी और बीमा कंपनियों से इलाज के खर्च की क्षतिपूर्ति मिल सकेगी, बल्कि आयुर्वेद के विस्तार के लिए सरकारी पैसे की मदद हासिल हो सकेगी।

इस मान्यता में 210 औषधीय जड़ी-बूटियों और 250 पारंपरिक आयुर्वेदिक नुस्खों को भी शामिल किया गया है और चिकित्सकों यानी वैद्यों को अपने बनाए नुस्खे आजमाने व मरीजों को बेचने की छूट हासिल होगी। किसी यूरोपीय मुल्क में आयुर्वेद को स्वीकृति का यह एक बड़ा मामला है और शायद यही वजह है कि इसकी सफलता से उत्साहित भारत सरकार ने अब इटली और जर्मनी जैसे देशों में भी आयुर्वेद को बढ़ावा देने वाले अभियानों में गति लाने की योजना बनाई है। इन देशों में आयुर्वेदिक दवाओं की भारी मांग है, पर मौजूदा कायदे-कानूनों के कारण वहां चिकित्सक इन्हें आजमाने से कतराते हैं और इन दवाओं की निर्माता कंपनियां भी अपने उत्पाद वहां भेजते समय आशंकित रहती हैं कि उनकी दवाओं में मानक संबंधी कोई दोष न निकाल दिया जाए और करोड़ों की खेप सिर्फ संदेह के आधार पर लौटा न दी जाए।



ऐसा कई बार हो चुका है जब भारतीय आयुर्वेदिक कंपनियों की दवाओं की खेप पश्चिमी मुल्कों से यह कह कर लौटाई गईं कि उनमें या तो जरूरत से ज्यादा भारी धातुएं (हैवी मेटल्स) हैं या फिर उनके निर्माण की प्रक्रियाओं में लापरवाही बरती गई है। 2005 में कनाडा के सरकारी विभाग हेल्थ कनाडा ने यह कह कर लोगों को चौंका दिया था कि उसने कई भारतीय आयुर्वेदिक कंपनियों की दवाओं में सीसा, पारा और आर्सेनिक जैसे खतरनाक तत्त्वों की मौजूदगी दर्ज की है। इनकी वजह से मरीजों में इनसे दिमागी सूजन, पक्षाघात और दूसरी बीमारियां तक होने की बात कही गई थी। ऐसा ही एक मामला अमेरिका में हुआ था, जब भारत से वहां भेजी गई आयुर्वेदिक दवाओं की एक खेप उनमें तय मानक से कई गुना ज्यादा भारी धातुओं की उपस्थिति के दावे के साथ लौटा दी गई थी। आयुर्वेदिक दवाओं में भारी धातुओं की उपस्थिति अकारण नहीं है। प्राचीन ग्रंथों के संदर्भों के आधार पर उनमें ये तत्व और धातुओं की भस्म आदि आवश्यकतानुसार मिलाए जाते हैं। जैसे स्वर्ण या रजत भस्म को अच्छे च्यवनप्राश का प्राण माना जाता है। इसी तरह एक विशेष चट्टान से तैयार होने वाले शिलाजीत की अपनी ही उपयोगिता है।

इन सारे तत्वों को रोग-विशेष की चिकित्सा में जरूरी माना जाता है और इन्हें आयुर्वेद के नजरिये से तर्क सम्मत व अनिवार्य बताया जाता है। पेड़ की छाल से तैयार होने वाले ईसबगोल की अपनी महत्ता है और करेले के चूर्ण की अपनी उपयोगिता है, लेकिन इन चीजों को लेकर पश्चिमी देशों में काफी एतराज किया गया है और हमेशा पश्चिमी मानकों की बात उठाई गई है। इससे यह संदेह अवश्य रहा है कि कहीं ऐसी कार्रवाई पश्चिमी शैली की दवा बनाने वाले उद्योग के इशारे पर तो नहीं की गई। एलोपैथी चिकित्सा चूंकि महंगी है और उसके कई साइड इफेक्ट हैं, इसलिए दुनिया के लोग सस्ती पारंपरिक चिकित्सा को लेकर जिज्ञासु रहे हैं।

**अभिषेक कुमार**
(वरिष्ठ पत्रकार)

कड़ा अभ्यास कर पिच का मिजाज भांपने में लगीं दोनों टीमें, इंडिया टीम ने दिन में बहाया पसीना तो बांग्लादेशी टीम ने फ्लड लाइट में की प्रैक्टिस

# ग्वालियर में क्रिकेट का रोमांच चरम पर, भारत-बांग्लादेश के बीच टी20 कल

● ग्वालियर,

भारत और बांग्लादेश के बीच 6 अक्टूबर को होने वाले टी-20 क्रिकेट मुकाबले के लिए श्रीमंत माधवराव सिंधिया क्रिकेट स्टेडियम में दोनों ही टीमें पसीना बहा रही हैं, जिससे पिच के मिजाज को समझकर मैच वाले दिन चौके-छक्कों की बरसात कर सकें।

शुक्रवार को भारतीय टीम ने दिन में नेट प्रैक्टिस की, वहीं बांग्लादेशी टीम ने फ्लड लाइट में कड़ा अभ्यास किया। भारत-बांग्लादेश के बीच नवनिर्मित माधवराव सिंधिया स्टेडियम में आयोजित होने जा रहा यह पहला अंतर्राष्ट्रीय मैच है और दोनों ही टीमें इस पिच पर हाई स्कोर की उम्मीद कर रही हैं, लेकिन वह बैटिंग के साथ बॉलिंग व फील्डिंग में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ना चाह रही हैं, इसलिए दोनों ही टीमों ने बॉलिंग व फील्डिंग के अभ्यास पर जोर दिया।





## टिकट लेकर भी नहीं पा सके खिलाड़ियों की झलक...

क्रिकेट को लेकर खेल प्रेमियों में जुनून आज भी वैसा ही बना हुआ है जैसा वर्षों पहले था। खिलाड़ियों की एक झलक पाने के लिए उनके प्रशंसक होटल और स्टेडियम तक पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं,लेकिन उन्हें सफलता अर्जित नहीं हो रही है। जिन क्रिकेट प्रेमियों के पास मैच के टिकट हैं, उन्हें भी प्रैक्टिस सेशन में स्टेडियम में प्रवेश नहीं दिया जा रहा है।

## मैच से पूर्व बीसीसीआई के अफसर ग्वालियर आए

भारत और बांग्लादेश के बीच छह अक्टूबर को होने वाले मैच की सुरक्षा व्यवस्था के लिए बीसीसीआई के अफसर ग्वालियर आ गए हैं। मैच की सुरक्षा को लेकर उन्होंने पुलिस के साथ मीटिंग भी की है, ताकि मैच के दौरान शांति व्यवस्था बनी रहे और मैच निर्विघ्न रूप से संपन्न हो सके।

**मैच को लेकर सुरक्षा कड़ी :** मैच छह अक्टूबर को होना है, लेकिन सुरक्षा इंतजाम के चलते पुलिस ने शुक्रवार की सुबह से ही इस इलाके में अपने चेकिंग पॉइंट लगा दिए हैं और हर आने जाने वाले की जांच की जा रही है। स्टेडियम के पास सिर्फ उन्हीं को जाने दिया जा रहा है, जिनके पास अधिकृत पास है। इसके साथ होटल एवं धर्मशालाओं में भी तलाशी ली जा रही है।

## पीताम्बरा माई के दर्शन करने पहुंचे गौतम गंभीर

भारतीय टीम के प्रमुख कोच गौतम गंभीर ने शुक्रवार को दतिया जाकर पीताम्बरा माई के दर्शन कर पूजा अर्चना की। यहां उन्हें मंदिर के मुख्य पुजारी ने पीताम्बरा माई के दर्शन कराए। यहां बता दें कि गौतम पीतम्बरा माई में गहरी आस्था रखते हैं और पहले भी दतिया आते रहे हैं। चार माह पूर्व भी वे दतिया आए थे और उन्होंने पीताम्बरा माई के दर्शन किए थे। उधर हाईसिक्योरिटी के बीच भारतीय टीम के गेंदबाज कोच मोर्ने मोर्कल किले पर घूमने पहुंचे।



## शकीबुल हसन के नहीं होने से टीम सिलेक्शन होगा चुनौतीपूर्ण

**ग्वालियर, खेल :** बांग्लादेशी टी-20 टीम के कप्तान नजमुल हुसैन शांतो ने शुक्रवार को नेट प्रैक्टिस के दौरान प्रेस कॉन्फ्रेंस में स्वीकार किया कि हरफनमौला खिलाड़ी शाकिब उल हसन के टीम में नहीं होने से टीम का सिलेक्शन चुनौती होगा। उन्होंने कहा कि टेस्ट टीम में भारतीय टीम ने हमें करारी शिकस्त दी, लेकिन हम अब अतीत के बारे में नहीं सोच रहे हैं। हमारा लक्ष्य अधिक से अधिक रन बनाकर भारतीय टीम को कड़ी चुनौती देना है। उन्होंने कहा कि शाकिब उल हसन के बांग्लादेश टीम में नहीं होने से हमारे लिए एक नया चैलेंज खड़ा हो गया है। शाकिब का स्थान लेने के लिए अब हम मेहंदी हसन को तैयार कर रहे हैं। बांग्लादेश 2026 में होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप की तैयारी इसी सीरीज से शुरू करेगा। पत्रकारों से चर्चा करते हुए बांग्लादेश टीम के कप्तान शांतो ने कहा कि भारत और बांग्लादेश के बीच हुई टेस्ट सीरीज में हमारे बल्लेबाजों का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है, लेकिन हमारा यह प्रयास रहेगा कि टी-20 सीरीज में बांग्लादेश अच्छा प्रदर्शन करे और लाल गेंद की जगह अब सफेद गेंद का हम अच्छी तरह उपयोग कर सकें। उन्होंने कहा कि ग्वालियर का स्टेडियम और विकेट नया है तथा नया विकेट हमारे लिए चैलेंज होगा। उन्होंने कहा कि यदि हम टॉस जीतेंगे तो 170 से 180 रन से ज्यादा का स्कोर खड़ा करना चाहेंगे, जो सामने वाली टीम के लिये चैलेंज होगा।

बांग्लादेशी टीम के कप्तान नजमुल हुसैन शांतो ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में जताई चिंता

## विरोध से हाईअलर्ट : मस्जिद में नमाज को नहीं जा सकी बांग्लादेशी टीम




**ग्वालियर, आरएनएन ।** भारत और बांग्लादेश के टी-20 क्रिकेट मैच को लेकर शहर में हिंदू संगठनों द्वारा किए जा रहे विरोध के चलते ग्वालियर शहर हाईअलर्ट पर है। सुरक्षा कारणों से शुक्रवार को बांग्लादेश की टीम को जुमे की नमाज के लिए मोती मस्जिद नहीं जाने दिया गया, जिसकी वजह से होटल में ही खिलाड़ियों ने नमाज पढ़ी।

यहां बता दें कि राज एक्सप्रेस ने गत दिवस ही प्रकाशित किया था कि हाईअलर्ट के चलते दोनों टीमों को होटल से बाहर जाने की अनुमति नहीं दी जा रही है। खिलाड़ी ग्वालियर किला, जयविलास पैलेस, सूर्यमंदिर एवं ग्वालियर के अन्य दर्शनीय स्थलों पर घूमने भी जाना चाहते थे, लेकिन सुरक्षा कारणों से उन्हें अनुमति नहीं दी गई। शुक्रवार को बांग्लादेशी खिलाड़ियों ने प्रबंधन के समक्ष मोती मस्जिद में जाकर नमाज पढ़ने की अनुमति मांगी, लेकिन सुरक्षा में किसी तरह की चूक न हो जाए, इस वजह से खिलाड़ियों को मोती मस्जिद जाने की अनुमति नहीं मिली। यहां बता दें कि भारतीय टीम के कप्तान रहते मोहम्मद अजुरुद्दीन जब ग्वालियर के रूपसिंह स्टेडियम में मैच खेलने आए थे, उन्होंने मस्जिद में जाकर नमाज अदा की थी, लेकिन तब शहर में किसी तरह का विरोध का माहौल नहीं था। बांग्लादेश की टीम होटल रेडीसन में ठहरी हुई है, जो मोती मस्जिद से बमुश्किल ढाई किलोमीटर दूरी पर स्थित है, लेकिन पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा कारणों से किसी तरह की रिस्क नहीं ली। हालांकि मोती मस्जिद पर नमाज अदा कराने की पुलिस प्रशासन ने सभी इंतजाम कर लिए थे और मस्जिद प्रबंधन ने भी खिलाड़ियों के स्वागत की पूरी तैयारी कर रखी थी लेकिन ऐन मौके पर सुरक्षा कारणों के चलते टीम को यहां आने की इजाजत नहीं दी गई। प्रशासन ने शहर काजी अब्दुल अजीज कादरी को होटल रेडीसन ले जाकर बांग्लादेशी टीम को नमाज अदा कराई। वहीं होटल रेडीसन के बाहर कड़ी सुरक्षा लगी है और वहां किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति को जाने की अनुमति नहीं है। रेडीसन के होटल कर्मचारियों को भी ड्यूटी के लिए पास जारी किए गए हैं, यानी कर्मचारियों को भी बिना पास देखे अंदर जाने की अनुमति नहीं है।

गौरतलब है कि बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन के बाद वहां हिंदुओं पर किए गए अत्याचारों को लेकर हिंदू संगठनों में भारी आक्रोश है। शहर में लगातार विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। 6 अक्टूबर को मैच वाले दिन भी उन्होंने उपनगर लश्कर को दोपहर 1 बजे तक बंद रखने का ऐलान किया है, जिनसे निपटने के लिए शहर में 4 हजार जवानों की तैनाती की गई है। बांग्लादेश की टीम जब प्रैक्टिस के लिए स्टेडियम के लिए आती-जाती है तो उसके आगे पीछे वज्र वाहन एवं तमाम सुरक्षा वाहन मौजूद रहते हैं। गौरतलब है कि पहले दिन भी सुरक्षा के चलते बांग्लादेशी टीम को लेने के लिए बस एयरपोर्ट के भीतर गई थी, जबकि इंडिया टीम के खिलाड़ी एयरपोर्ट के बाहर से बस में बैठे थे।

# खेलमंत्री सारंग ने किया निर्माणाधीन इंटरनेशनल स्टेडियम का निरीक्षण

## अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश, जल्द होगी उच्च स्तरीय समीक्षा

● भोपाल,

खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने नाथू बरखेड़ा में निर्माणाधीन इंटरनेशनल स्पोर्ट्स स्टेडियम का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि इसकी पूरी समीक्षा की जा रही है कि अंतर्राष्ट्रीय मापदण्ड के अनुसार कार्य प्रगतिरत है या नहीं। उन्होंने कहा कि अगर आने वाले समय में ओलम्पिक की मेजबानी भारत करता है, तो मध्यप्रदेश में कम से कम 3 खेल हों। इसी को ध्यान में रखते हुए स्टेडियम में अगर कुछ परिवर्तन करना होगा अथवा फेसिलिटी को बढ़ाना होगा, तो उसका प्लॉन किया जा रहा है।

जल्द ही उच्च स्तरीय बैठक कर इस पर निर्णय लिया जाएगा। सारंग ने कहा कि दशहरे के बाद पुनः समीक्षा की जाएगी। उन्होंने निर्माण एजेंसियों को आपस में को-ऑर्डिनेशन करने के निर्देश दिए। साथ ही चेक-लिस्ट बनाकर कार्य करने की हिदायत दी। सारंग ने एथलेटिक्स स्टेडियम देखा और वहां पर बैठने, पार्किंग, सीवेज, लाइटिंग आदि का निरीक्षण कर कंस्ट्रक्शन डिटेल्स का प्रेजेंटेशन भी देखा। उन्होंने फेस-1 और फेस-2 में किए जाने वाले कार्यों का आंकलन किया। साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिए कि काम समय पर हो। मंत्री सारंग ने हॉकी स्टेडियम की केपेसिटी भी जानी। प्रथम फेस में एथलेटिक्स ईस्ट-वेस्ट ट्रेक, ड्राइव-वे, ब्रॉडकास्ट कम्पाउण्ड, हॉकी स्टेडियम विथ रूफ, वॉटर और सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, एथलेटिक्स एफओपी, हॉकी, प्रेक्टिस हॉकी फील्ड, वार्म अप ट्रेक और आउटडोर फील्ड पर काम चल रहा है। इसी प्रकार द्वितीय फेस में इंडोर स्टेडियम, मल्टीलेवल पार्किंग, एक्वेस्टिंग कम्पाउण्ड, ब्यायस-गर्ल्स हॉस्टल और फुटबॉल फील्ड पर काम किया जाएगा। सारंग के साथ निरीक्षण के दौरान खेल संचालक रवि कुमार गुप्ता, संयुक्त संचालक बीएस यादव, इंचार्ज अधिकारी सुश्री वाणी साहू सहित कांट्रेक्टर और इंजीनियर्स मौजूद थे।



## अफगानी स्पिनर राशिद खान ने की शादी

**काबुल,** । अफगानिस्तान के दिग्गज स्पिनर राशिद खान ने शादी कर ली है। 26 साल के राशिद और उनके 3 भाई जकीउल्लाह, नुमान और नसीम खान ने निकाह कबूल किया। शुक्रवार को सोशल मीडिया में राशिद की शादी की फोटो और वीडियो अपलोड हुई।

हालांकि, इनमें राशिद की पत्नी की तस्वीर नहीं है। काबुल के इंपीरियल कॉन्टिनेंटल होटल में आयोजित शादी समारोह में मोहम्मद नबी के साथ कई अफगानिस्तानी क्रिकेटर शामिल हुए। इनमें अजमतुल्लाह उमरजई, नजीबुल्लाह जादरान, रहमत शाह और मुजीब उर रहमान शामिल रहे।

### कहा था- वर्ल्ड कप जीतने के बाद करेंगे शादी

राशिद ने कुछ महीने पहले एक इंटरव्यू में कहा था कि अफगानिस्तान के लिए वर्ल्ड कप जीतने के बाद ही शादी करेंगे, लेकिन अब सभी को चौंकाते हुए उन्होंने शादी कर ली।

# टी20 वर्ल्ड कप में भारतीय टीम की खराब शुरुआत

## पहले मैच में न्यूजीलैंड ने 58 रनों से दी शिकस्त, अब रविवार को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से होगा मुकाबला

● दुबई,

आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2024 में भारतीय महिल टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही है। शुक्रवार को दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में भारत को न्यूजीलैंड ने 58 रनों से हरा दिया। मुकाबले में न्यूजीलैंड ने भारतीय टीम को जीत के लिए 161 रनों का टारगेट दिया था, जिसका पीछा करते हुए वह 19 ओवरों में 102 रनों पर सिमट गई। न्यूजीलैंड की महिला टीम ने इस जीत के साथ ही वूमेन्स टी20 इंटरनेशनल में लगातार हार का सिलसिला तोड़ दिया है। इस मैच से पहले तक न्यूजीलैंड को लगातार 10 मैचों में हार मिली थी, अब भारतीय टीम ग्रुप-ए के अपने दूसरे मुकाबले में 6 अक्टूबर (रविवार) को चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान का मुकाबला करेगी।

**द.अफ्रीका ने वेस्टइंडज को रिकॉर्ड 10 विकेट से हराया :** कप्तान लॉरा वुलफार्ट (नाबाद 59) और तेजमिन ब्रिट्स (नाबाद 57) रनों की बेहतरीन अर्द्धशतकीय पारियों की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने विश्व कप के तीसरे मुकाबले में वेस्टइंडीज को रिकॉर्ड 10 विकेट से पराजित कर दिया हैं। दक्षिण अफ्रीका की ओर से चार विकेट लेने वाली नोनकुलुलेको म्लाबा को प्लयेर ऑफ द मैच से नवाजा गया। दक्षिण अफ्रीका ने 17.5 ओवर में बिना कोई विकेट खोए 119 रन बनाकर यह मुकाबला जीत लिया। टी-20 महिला विश्वकप में यह पांचवी बार जब कोई टीम 10 विकेट से जीती हो। दक्षिण अफ्रीका दो बार 10 विकेट से जीत दर्ज करने वाली पहली टीम है। इससे पहले वेस्टइंडीज ने 20 ओवरों में छह विकेट पर 118 का स्कोर बनाया।



# द ओरिएंटल स्कूल सीबीएसई क्लस्टर वालीबॉल शुरू



**भोपाल,** द ओरिएंटल स्कूल द्वारा आयोजित सीबीएसई क्लस्टर 12 वालीबॉल गर्ल्स प्रतियोगिता अंडर 14 आयु वर्ग से पहला मुकाबला सांदीपनी एकेडमी खरगौन एवं न्यू दिगंबर पब्लिक स्कूल इंदौर के बीच खेला गया, जिसमें सांदीपनी खरगोन ने न्यू दिगंबर पब्लिक को 2-0 से हरा दिया। दिन का दूसरा मुकाबला सेंड राफेल हाई सेकेंडरी स्कूल इंदौर एवं दिल्ली पब्लिक स्कूल इंदौर के बीच खेला गया, जिसमें दिल्ली पब्लिक स्कूल इंदौर ने सेंट रफल हाई सेकेंडरी स्कूल को 2-0 से हराया। इसके पूर्व प्रतियोगिता का शुभारंभ स्पोर्ट्स प्रमोटर ग्रुप के चेयरमैन अरणेश्वर शरण सिंह देव, ओरिएंटल ग्रुप के चेयरमैन प्रवीण ठकराल, डायरेक्टर बृजेश श्रीवास्तव, स्कूल प्राचार्य स्वप्ना अफले, सीबीएसई ऑब्जर्वर कुलदीप एवं सागर रायकवार के द्वारा किया गया।

## एचआईएल 2024-25 में आठ पुरुष और छह महिला टीमें भाग लेगी

# सात साल बाद एचआईएल की फिर वापसी

● नई दिल्ली,

भारतीय हॉकी को बढ़ावा देने के लिए सात साल के अंतराल के बाद एक बार फिर हॉकी दीवानों के लिए हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) ऐतिहासिक वापसी करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। शुक्रवार को आधिकारिक तौर पर इसकी घोषणा की गई कि एचआईएल 2024-25 में आठ पुरुष टीमें और छह महिला टीमें होंगी, जो पहली बार पुरुषों की प्रतियोगिता के साथ-साथ एक स्टैंडअलोन महिला लीग का आयोजन करेगी।

यह स्मारकीय विस्तार हॉकी इंडिया की खेल में पुरुष और महिला दोनों प्रतिभाओं को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता का प्रमाण है, जो वैश्विक स्तर पर भारतीय हॉकी को एक नया मुकाम पर ले जाएगा। हॉकी इंडिया लीग की वापसी न केवल खेल के इतिहास में एक महत्वपूर्ण क्षण है, बल्कि महिला हॉकी को बढ़ावा देने की दिशा में एक बड़ा कदम भी है। एचआईएल में एक विशेष महिला लीग की शुरूआत महिला एथलीटों को अपनी क्षमता का प्रदर्शन करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करती है, जो भारतीय हॉकी के लिए अधिक समावेशी और प्रतिस्पर्धी भविष्य का मार्ग प्रशस्त करती है। हॉकी इंडिया के सूत्रों ने बताया कि लीग के इस संस्करण में चेन्नई - चार्ल्स ग्रुप, लखनऊ - यदु स्पोर्ट्स, पंजाब - जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स, पश्चिम बंगाल - श्राची स्पोर्ट्स, दिल्ली - एसजी स्पोर्ट्स एंड एंटरटेनमेंट, ओडिशा - वेदांता लिमिटेड, हैदराबाद - रेसोल्यूट स्पोर्ट्स, रांची - नवोयम स्पोर्ट्स वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रतिस्पर्धा करेगी। महिला वर्ग में हरियाणा - जेएसडब्ल्यू खेल, पश्चिम बंगाल - श्राची स्पोर्ट्स, दिल्ली - एसजी स्पोर्ट्स एंड एंटरटेनमेंट, ओडिशा - नवोयम स्पोर्ट्स वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड शामिल हैं।




## राधारमण स्पर्धा 2024 आज से

**भोपाल,** राधारमण समूह (आरजीआई) के तत्वावधान में स्पर्धा-2024 खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन 5 अक्टूबर 2024 से 9 अक्टूबर 2024 तक राधारमण इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस (आरआईटीएस), भोपाल में किया जाएगा।

इस आयोजन का उद्घाटन समारोह 5 अक्टूबर, 2024 को दोपहर 12.30 बजे और समापन समारोह 9 अक्टूबर, 2024 को दोपहर 12.30 बजे होगा। स्पर्धा-2024 के अंतर्गत विभिन्न खेलकूद गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा, जिनमें गली क्रिकेट, बैडमिंटन, खो-खो, कैरम, और शतरंज जैसी प्रतियोगिताएं प्रमुख रूप से शामिल हैं।

## भारत ने रैपिड फायर पिस्टल टीम स्पर्धा में जीता सोना

**लीमा,** राजवर्धन पाटिल, मुकेश नेलावल्ली और हरसिमर सिंह रत्था की भारतीय पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल निशानेबाजी टीम ने आईएसएसएफ जूनियर विश्व चैंपियनशिप 2024 में स्वर्ण पदक हासिल किया। पेरू की राजधानी लीमा में भारतीय निशानेबाजी टीम ने 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल में स्वर्ण पदक जीता। इसी के साथ ही भारत के स्वर्ण पदकों की संख्या बढ़कर 11 हो गई है। भारत ने एक रजत और चार कास्य पदक सहित कुल 16 पदक जीते है और पदक तालिका में शीर्ष पर है। चीन तीन स्वर्ण और एक रजत के साथ दूसरे स्थान पर है। अमेरिका दो स्वर्ण,चार रजत और चार कांस्य सहित कुल 10 पदकों के साथ तीसरे स्थान पर है।

राजधानी (न्यू बॉम्बे)

| दिन | रात |
| --- | --- |
| 148 = 3 | 266 = 4 |
| 449 = 7 | 557 = 7 |

| दिन | रात |
| --- | --- |
| 116 = 8 | 268 = 6 |
| 159 = 5 | 138 = 2 |

भाग्यांक

| | | | |
| --- | --- | --- | --- |
| 2 | 5 | 3 | 2 |

www.kalyangame.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेलः- dailyloktantra@gmail.com

किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक/बिहार)

CMYK